# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 22 दिसंबर 2024

संवत 2081, पौष कृष्ण सात- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 106 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ विंटर में हार्ट का रखें विशेष ध्यान

आखिरकार मलाइका अरोड़ा ने बताई ब्रेकअप की असली वजह ◂◂ 6


# खलारी में नक्सलियों का तांडव, तीन हाइवा फूंका

## फायरिंग कर फैलाई दशहत, कोयला और फ्लाई ऐश की ढुलाई ठप

**मेट्रो रेज**

**रांची :** जिले के खलारी क्षेत्र में नक्सलियों ने तांडव मचाया है। नक्सलियों ने खलारी थाना क्षेत्र के निर्मल महतो चौक के पास गिट्टी और फ्लाई ऐश लदे 3 हाइवा को जला दिया। घटना रविवार अहले सुबह 3 बजे की है। जहां हथियारबंद अपराधियों ने कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे तीन हाइवा में आगजनी की। इतना ही नहीं अपराधियों ने दहशत फैलाने के लिए फायरिंग भी की। सूचना मिलते ही पुलिस और सीआईएसएफ के जवान एवं क्यूआरटी घटनास्थल पर पहुंचे।



**सुरक्षा बलों ने आग पर पाया काबू :** सीआईएसएफ के एनके, पिपरवार की क्यूआरटी और दोनों एरिया की फोर्स के साथ-साथ खलारी के डीएसपी रामनारायण चौधरी, खलारी के इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह और मैक्लूस्कीगंज थाना प्रभारी गोविंद कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद आग पर काबू पाया गया।

**एक साथ 3 हाइवा में आगजनी के बाद रोड बंद :** एक साथ 3 हाइवा में हुई आगजनी के बाद से रोड बंद है। फ्लाई ऐश और कोयले की ढुलाई भी बंद कर दी गई है। इस सड़क से बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बालू की भी ढुलाई होती है। नक्सलियो द्वारा की गई आगजनी की वजह से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है।

### खलारी घाटी से अगवा करके हाइवा को निर्मल महतो चौक पर फूंका

बताया जा रहा है कि खलारी घाटी से अगवा करके तीनों हाइवा को निर्मल महतो चौक पर लाया गया और रोड को ब्लॉक करने के बाद उसमें आग लगा दी गई। घटना के समय या उसके बाद वहां से कोई दूसरा वाहन नहीं गुजरा।

### आलोक गिरोह ने दिया है घटना को अंजाम

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस घटना को आलोक गिरोह ने अंजाम दिया है। हालांकि अभी तक किसी गिरोह या नक्सली संगठन ने इसकी जिम्मेवारी नहीं ली है। पुलिस इस घटना में शामिल नक्सलियों और अपराधियों के खिलाफ आसपास के इलाकों में सर्च अभियान चला रही है।

## दिल्ली के तीन स्कूलों को बम की धमकी देने के पीछे उनके अपने छात्र : पुलिस

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने पाया है कि राष्ट्रीय राजधानी में कम से कम तीन स्कूलों को बम की धमकी भरे ईमेल उनके खुद के छात्रों द्वारा ही भेजे गए थे। बम की धमकी प्राप्त करने वाले कई स्कूलों में से एक वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल भी है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह ईमेल स्कूल में नामांकित दो छात्रों द्वारा भेजा गया था, क्योंकि वे चाहते थे कि परीक्षाएं स्थगित कर दी जाएं। अधिकारी ने बताया कि दोनों छात्रों ने बताया कि उन्हें यह विचार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दिए जाने की पिछली घटनाओं से मिला था। उनके माता-पिता को चेतावनी दिए जाने के बाद उन्हें जाने दिया गया।

एक अन्य पुलिस अधिकारी के अनुसार, रोहिणी और पश्चिम विहार स्थित दो और स्कूलों को उनके छात्रों द्वारा धमकी भरे ईमेल भेजे गए। कारण एक ही था - छात्र चाहते थे कि स्कूल बंद हो।

## मोहाली में पांच मंजिला इमारत गिरी, दो की मौत



**एजेंसी**

**मोहाली :** मोहाली के गांव सुहाणा में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां एक निजी जिम की पांच मंजिला इमारत अचानक ढह गई। इस हादसे में 100 से अधिक लोग जख्मी हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही राहत एवं बचाव टीम मौके पर पहुंच गई है। मलबे के नीचे अब भी कई लोग दबे होने की संभावना है, जिन्हें बाहर निकालने का काम जारी है।

घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है, जहां उनका इलाज चल रहा है। स्थानीय प्रशासन ने इस हादसे को गंभीरता से लेते हुए राहत कार्यों को तेज कर दिया है। इमारत गिरने की घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना स्थल पर स्थानीय लोगों और प्रशासन के बीच समन्वय से राहत कार्य जारी है। मलबे के नीचे दबे लोगों को बचाने के लिए मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रशासन ने कहा है कि हादसे के कारणों की जांच की जाएगी। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से राहत कार्यों में सहयोग करने और घटना स्थल से दूर रहने की अपील की है। यह हादसा सुरक्षा उपायों की अनदेखी की ओर इशारा करता है, जिसकी विस्तृत जांच की मांग हो रही है। घटना ने पूरे क्षेत्र को शोकाकुल कर दिया है। पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं जताते हुए प्रशासन ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## चौथी कक्षा की छात्रा की हत्या, घर के पीछे मिला शव

**मेट्रो रेज**

**गुमला :** जिले के सिसई थाना क्षेत्र अंतर्गत सकरौली गांव में शनिवार की रात सालमोन एक्का की बेटी चौथी कक्षा की छात्रा असरिता एक्का (10 साल) की हत्या कर दी गयी। अपराधियों ने छात्रा की हत्या कर उसके शव को उसी के घर के पिछले दरवाजे के पास फेंक दिया था। असरिता के गले में खून लगा हुआ था। आशंका जतायी जा रही है कि अपराधियों ने पहले उसे घर के समीप से अपहरण किया। इसके बाद हत्या कर शव को उसके घर के समीप लाकर फेंका।

हालांकि, हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। सुबह नौ बजे गुमला जिले के सिसई थाना की पुलिस घटना स्थल पहुंची और शव को बरामद कर थाना ले आयी। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों व परिजनों से असरिता के गायब होने व अंतिम बार कब देखा गया, इस संबंध में जानकारी जुटाने में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि मृत छात्रा दिन में बकरी चराने पास के जंगल में गयी थी। इसके बाद शाम सवा चार बजे वह बकरी चराकर घर लौटी।

### गांव में अपनी सहेलियों के साथ खेलने के लिए निकली फिर वापस नहीं आयी

परिजनों की मानें तो बकरी चराकर लौटने के बाद वह गांव में ही अपनी सहेलियों से खेलने के लिए घर से निकली। इसके बाद वापस नहीं लौटी। घर के पिछले दरवाजे के पास उसका शव बरामद हुआ है। जब रात आठ तक वह घर नहीं लौटी तो परिजनों ने घर के आसपास खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। इसके बाद सवा आठ बजे किसी ने शव को फेंका और चले गये।

## असम के कछार में 20 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त

**नई दिल्ली:** असम के कछार जिले में 20 करोड़ रुपये मूल्य का मादक पदार्थ जब्त किया गया है। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने एक सूचना के आधार पर पुलिस महानिरीक्षक पार्थसारथी महंत के नेतृत्व में एक अभियान प्रारंभ किया और रविवार तड़के सिल्कोरी रोड पर मोटरसाइकिल से जा रहे एक व्यक्ति को रोका और उसके पास से याबा की गोलियां तथा हेरोइन जब्त की। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि जब्त मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत 20 करोड़ रुपये है।

### भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट

## देश के 25 प्रतिशत हिस्से में जंगल

**नई दिल्ली :** देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान द्वारा तैयार भारत वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) शनिवार को जारी की गयी। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने यह रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में देश के वन एवं वृक्ष आवरण की स्थिति का विवरण दिया गया है। भारतीय वन सर्वेक्षण ने यह रिपोर्ट रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट डेटा और फील्ड-आधारित इन्वेंट्री की व्याख्या के आधार पर तैयार की है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का कुल वन और वृक्ष आवरण (2023 तक) 827,357 वर्ग किमी है, जो देश के क्षेत्रफल का लगभग 25फीसदी है।

## विपरीत दिशा में जा रहे ट्रक से टकराई बस, 38 लोगों की दर्दनाक मौत

**एजेंसी**

**ब्राजील :** ब्राजील में शनिवार को बस में आग लगने से एक भीषण हादसा हुआ। इस हादसे में बस सवार 38 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में 13 लोग घायल बताए जा रहे हैं।

समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी ब्राजील के राज्य मिनास गेरैस में सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 38 हो गई है, जबकि 13 अन्य घायल हैं। हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।



यह हादसा शनिवार को सुबह टेओफिलो ओटोनी नगरपालिका में हुआ, जब ट्रक से ग्रेनाइट का एक बड़ा ब्लॉक सड़क पर गिर गया, जिससे बस विपरीत दिशा में जा रहे ट्रक से टकरा गई। वाहनों के टकराने के बाद बस में आग लग गई। संघीय राजमार्ग पुलिस के अनुसार, बस के पीछे जा रही कार ने उसमें टक्कर मार दी।

पुलिस ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया कि अधिकांश मौत टक्कर के बाद बस में लगी आग के कारण हुईं। टेओफिलो ओटोनी के अधिकारियों के अनुसार, कार सवार तीन लोगों सहित 13 घायल हो गए, जिनकी हालत गंभीर है।

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो इस हादसे की वजह बस का टायर फटना है। टायर फटने के बाद ड्राइवर ने अपना नियंत्रण खो दिया था और बस ट्रक से जा टकराई। स्थानीय पुलिस ने कहा है कि हादसे के सही कारणों की जांच की जा रही है।

# बुसिरा नदी में नौका पलटने से 38 लोगों की मौत, 100 से अधिक लापता

### नौका पर क्षमता से अधिक लाग सवार थे

**एजेंसी**

**कांगो :** क्रिसमस मनाने के लिए घर लौट रहे लोगों से भरी एक नौका के बुसिरा नदी में पलट जाने से 38 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों एवं प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी।

नौका पलटने की यह घटना ऐसे समय में हुई है जब करीब चार दिन पहले ही देश के उत्तर-पूर्व में एक अन्य नाव के डूबने से 25 लोग मारे गए थे। नौका पलटने की हालिया घटना में अब तक 20 लोगों को बचाए जाने की पुष्टि हुई है।

दुर्घटनास्थल के पास स्थित इंगेंडे शहर के मेयर जोसफ जोसफ कांगोलिंगोली ने बताया कि नौका कांगो के उत्तर-पूर्व में जलक्षेत्र में थी और इसमें अधिकतर वे व्यापारी सवार थे जो क्रिसमस मनाने के लिए घर लौट रहे थे। इंगेंडे के निवासी एनडोलो कैडी ने बताया कि नौका में 400 से अधिक लोग सवार थे और यह नौका बोएंडे के रास्ते में पड़ने वाले दो बंदरगाहों इंगेंडे और लूलो से होकर गुजरी थी, इसलिए ऐसा लगता है कि मृतकों की संख्या अधिक होगी।

## चर्च में राहत सामग्री वितरण के दौरान मची भगदड़, चार बच्चों सहित 10 की मौत

**एजेंसी**

**अबूजा :** नाइजीरिया की राजधानी अबुजा के मैतामा जिला स्थित स्थानीय चर्च में राहत सामग्री वितरण के दौरान मची भगदड़ में चार बच्चों समेत कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। संघीय राजधानी क्षेत्र में पुलिस के प्रवक्ता जोसेफिन एडेह ने एक बयान में कहा कि क्रिसमस समारोह से पहले भोजन और कपड़ों सहित राहत सामग्री के वितरण के दौरान मैतामा में होली ट्रिनिटी कैथोलिक चर्च में अफरा-तफरी मच गई, जिसमें आठ अन्य लोग घायल हो गए। एडेह ने कहा, घायलों में से चार का इलाज किया गया और उन्हें छुट्टी दे दी गई, जबकि बाकि पीड़ितों को वर्तमान में चिकित्सा देखभाल मिल रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक हजार से अधिक की संख्या में भीड़ह्व को सफलतापूर्वक हटा दिया। नाइजीरिया के कैथोलिक सचिवालय के प्रवक्ता पाद्रे माइक न्सिकक उमोह ने बताया कि इस कार्यक्रम में आस-पास के गांवों और कम आय वाले उपनगरों से 3,000 से अधिक लोग शामिल हुए थे।



## कुवैत में पीएम मोदी को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री मोदी के कुवैत दौरे का आज दूसरा दिन है। पीएम मोदी को कुवैत के बयान पैलेस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल सबाह भी मौजूद थे। मोदी ने रविवार को कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल सबाह के साथ बैठक भी की। अब कुवैत के प्रधानमंत्री के साथ डेलिगेशन लेवल की बातचीत की तैयारी चल रही है।

शनिवार को विदेश मंत्रालय ने कहा कि बातचीत के दौरान, पीएम मोदी कुवैत के नेतृत्व के साथ दोनों देशों के संबंधों को लेकर बात करेंगे, जैसे ट्रेड, इन्वेस्टमेंट, एनर्जी को लेकर बातचीत हो सकती है। दोनों देशों के संबंध और कैसे बेहतर हों, इसपर भी बात होगी। कुवैत भारत के टॉप ट्रेड पार्टनर में से एक है। 2023-24 में भारत और कुवैत के बीच करीब 10.47 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ।

न्यूज ब्रीफ

## जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध शपथ ग्रहण




**मुरीः** प्रखंड सह अंचल कार्यालय प्रांगण में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी सिल्ली के तत्वावधान में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध 25 नवंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक चल रहे राष्ट्रीय अभियान के तहत सभी जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों व कर्मी के साथ जेंडर शपथ ग्रहण किया गया कि शपथ में 'हिंसा के खिलाफ हमेशा आवाज उठाएंगे और कभी मुक दर्शक नहीं बनेंगे, हम शपथ लेते हैं कि सहायता मांगने और सहायता देने में पीछे नहीं हटेंगे और हिंसा के खिलाफ हमेशा लड़ेंगे हम शपथ लेते हैं कि हम सबके साथ समान व्यवहार करेंगे इसकी शुरूआत हम अपने घर से करेंगे । लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ चुप्पी तोड़ेंगे'। सभी गांवों में महिला, पुरुष, बच्चों तथा बुजुर्गो को महिलाओं के ऊपर होने वाले हिंसाओं के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जेंडर सीआरपी के माध्यम से महिला समूह, ग्राम संगठन व संकुल संगठन की अहम भूमिका निभा रही।शपथ कार्यक्रम में सिल्ली पश्चिमी जिला परिषद वीणा देवी सिल्ली पूर्वी जिला परिषद लक्ष्मी देवी,प्रख प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक,उप प्रमुख आरती देवी एवं सभी जन प्रतिनिधिगण, प्रखंड के पदाधिकारीगण ,जेएस एलपी म से प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमिता राहिल टूटी सहित जेंडर सीआरपी अंजनी कुमारी, किरण देवी, उपासी देवी व अन्य उपस्थित रहे।

## छात्रों के बीच बांटी गयी साइकिल




**मुरी :** सिल्ली प्रखंड मुख्यालय में झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा 308 साइकिल वितरण किया गया है । साइकिल का वितरण बांसारुली विद्यालय, बड़ा मुरी विद्यालय , सिल्ली बोर्ड विद्यालय, टुटकी विद्यालय ,सिंगपुर विद्यालय ,पिस्का, लोटा विद्यालय को दिया गया इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, प्रखंड अंचल पदाधिकारी अरुणिमा एक्का ,मुखिया लालू राम उरांव, सिल्ली पूर्वी जिला सदस्य लक्ष्मी देवी , सिल्ली पश्चिम जिला परिषद बिना देवी, प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, उप प्रमुख आरती देवी ,अखिल महतो ,ज्योति कुमारी एवं स्कूली छात्र एवं छात्रा उपस्थित थे।

## सिल्ली कालेज का 5 दिवसीय रॉक क्लाइंबिंग एडवेंचर कैंप संपन्न



**मुरीः** सिल्ली कॉलेज सिल्ली का पांच दिवसीय रॉक क्लाइंबिंग एडवेंचर कैंप शनिवार को समाप्त हो गया। कैम्प का आयोजन पश्चिम बंगाल पुरुलिया जिला के जयचंडी पहाड़ एवं गढ़ पंचकोट के पहाड़ों में आयोजन किया गया था। जिसमें प्रो भावानंद चौधरी के नेतृत्व में कालेज के 50 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कैंप में ट्रेनर पार्थो दत्ता, दीपक महतो, उर्मिला महतो, भूषण एवं रवि आदि ने कॉलेज के छात्र छात्रा को रॉक क्लाइंबिंग, रस्सी बांधना, बर्मा ब्रिज कमांडो नेट, नोट प्रैक्टिस , रैपलिंग, जिप्लाइन, साईड सीन, नाइट आउट, खुद से टेंट बनाना, कैंप फायर, कैंपसाइट क्लीनिंग का गुर सिखाया। इस आयोजन के लिए सिल्ली कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, सचिव डॉ मुकुंद चन्द्र मेहता, प्रभारी प्राचार्य डॉ अनंत कुमार महतो, परीक्षा नियंत्रक प्रो त्रिभुवन महतो, साबित्री बाला, नकुल चन्द्र महतो, श्यामल दे, सुमंत महतो एवं कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सभी प्रतिभागी छात्र- छात्रों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी ।

## धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस गैदरिंग सह वार्षिकोत्सव



**लातेहारः** संत जेवियर एकेडमी महुआडांड़ में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग सह वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस गैदरिंग का शुभारंभ मुख्य अतिथि फादर संजय गिद्ध, डाल्टनगंज धर्मप्रांत के शिक्षा डायरेक्टर फादर बरथोलोमी एवं फादर सुरेश तिर्की द्वारा दीप प्रज्वलित कर चरनी आशीष के साथ किया गया। क्रिसमस गैदरिंग में आकर्षक रूप से चरनी व क्रिसमस ट्री सजाया गया था। मंच पर बच्चों ने सांता क्लॉज के वेश मे क्रिसमस गीतों पर मनमोहक नृत्य किया।बिशप थियोडोर ने कहा कि बच्चों के साथ मिल कर क्रिसमस गैदरिंग करना चाहते हैं, कि बच्चों से ही क्रिसमस की शुरूआत होती है। फादर ने अपने संदेश में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब मन लगा कर अध्ययन करें। मन नई नई चीजों को सोचने और आगे बढ़ने के लिए है। दिल से सभों को प्यार करें तथा कठिन मेहनत करें। उन्होंने सभी बच्चों के लिए प्रथार्नायें की। उन्होने कहा कि छात्रों के अलावा अभिभावक व शिक्षकों को भी अनुशासन और समय का उपयोग करना जरूरी है।

पेटरवार में जंगली हाथियों का उत्पात

# मकान किया ध्वस्त, फसलों को पहुंचाया नुकसान



बोकारो : पेटरवार वन क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। दो हाथियों ने रात में चांपी पंचायत के केशवारी गांव में घुसकर वीरेन्द्र कुमार मांझी का कच्चा मकान ध्वस्त कर दिया और घर में घुसकर रखा धान खा गये। बीरेन्द्र मांझी ने बताया कि रात करीब एक बजे परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। तभी अचानक घर में धड़ाम-धड़ाम की आवाज सुनाई दी। हाथियों ने आंगन में रखा करीब 11 क्विंटल धान चट गये। इसके बाद हाथियों ने चमन गंझू व दुखलाल हेम्ब्रम के खेत में लगी आलू की फसल को रौंदकर बर्बाद कर दिया। वार्ड सदस्य बुधन गंझू ने घटना की सूचना फोन पर वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर हाथियों को भगाया। गांव के लोग दहशत में हैं।

## गोखलाबागी में हाथियों ने दो मवेशियों की ली जान

मेट्रो रेज संवाददाता



लातेहार : बारियातू थाना क्षेत्र के डाढ़ा पंचायत के गोखलाबागी ग्राम में जंगली हाथियों ने दो मवेशियों को मार दिया और एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी के अनुसार देर रात हनुमान चौक के पास किसान करम भगत के घर को हाथी ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और एक बैल और एक अन्य मवेशी को कुचलकर व सूंड से पटककर मौत के घाट उतार दिया। इस घटना में करम को लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पर मुखिया सुरेश उरांव, जिप सदस्य रमेश राम, युवा नेता लाल आशीष नाथ शाहदेव, पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशील बागे, फोरेस्टर मंगल सिंह सहित अन्य लोग गांव पहुंचे। पीड़ित किसान को हर सम्भव मदद दिलाने का अश्वासन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले आठ वर्षों से इस क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है। हर साल किसानों को हाथियों के कारण भारी नुकसान झेलना पड़ता है। लेकिन वन विभाग की ओर से समस्या के स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पीड़ित ने नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा की मांग की है

रांची विवि अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता

## एसएस मेमोरियल बना विजेता, बीएस कॉलेज को सात रनों से दी मात



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय अंतर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता 2024- 25 का खिताब एसएस मेमोरियल कॉलेज ने जीता। शनिवार को बीएस कॉलेज लोहरदगा के क्रिकेट मैदान में प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल में एसएस मेमोरियल और बीएस कॉलेज के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। अंत में एसएस मेमोरियल ने मुकाबले को 7 रनों से जीतकर खिताब पर कब्जा किया।

फाइनल में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएस मेमोरियल ने निर्धारित 35 ओवर में 5 विकेट पर 247 रन बनाए। टीम की ओर से रोहित के सर्वाधिक 68 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बीएस कॉलेज 34।2 ओवर में 240 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से कप्तान प्रेम ने 101 रन की पारी खेली, लेकिन वो मुकाबले को नहीं जीता सके। फाइनल में मैन ऑफ द मैच पंकज कुमार और मैन ऑफ द सीरीज प्रेम कुमार को दिया गया।

फाइनल में बतौर मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ सुरेश प्रसाद साहू, विशिष्ट अतिथि जेएससीए के आजीवन सदस्य जय कुमार सिन्हा, सीआईडी के रीडर सोहन हेंब्रम, पूर्व प्राचार्य लोहारा उरांव, बीएस कॉलेज के प्राचार्य एसपीके गुप्ता, चयनकर्ता चंचल भट्टाचार्य, कुमुद रंजन, रणजी खिलाड़ी आशीष कुमार मौजूद रहे।

## अवैध बालू लदा दो सोलह चक्का हाइवा पुलिस ने किया जब्त



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बहरागोड़ाः** प्रखंड क्षेत्र में अवैध बालू परिवहन पर लगाम लगाते हुए बहरागोड़ा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कालियाडिंगा ओवरब्रिज के नीचे दो सोलह चक्का हाइवा (केएल 09 एडब्लू 8621 और केएल 09 एडब्लू 6380) को जब्त किया। जांच के दौरान दोनों वाहनों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिसके कारण पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए इन्हें कब्जे में ले लिया।

मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा सीमा क्षेत्र के जामसोला पुल के पास अवैध रूप से बालू की लोडिंग कर बड़े-बड़े वाहनों के जरिए जमशेदपुर तथा पश्चिम बंगाल पहुंचाने का कार्य बालू माफियाओं द्वारा किया जाता है। इन दोनों हाइवा में लोड अवैध बालू भी जमशेदपुर ले जाने की योजना थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इस मार्ग पर बालू तस्करी का सिलसिला लगातार जारी है। जिसपर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन ने विशेष अभियान चलाने का फैसला किया है। पुलिस ने साफ संदेश दिया है।

## सिल्ली प्रमुख ने अधिकारियों और कर्मियों के साथ की बैठक, योजनाओं की समीक्षा

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**मुरी :** सिल्ली प्रखण्ड कार्यालय सभागार में सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक ने अधिकारी एवं कर्मियों के साथ विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से जिला परिषद उपाध्यक्ष वीना चौधरी व उप प्रमुख आरती देवी उपस्थित थी। बैठक में बीडीओ अनिल कुमार ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकासात्मक योजना मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना, स्वच्छता अभियान, विभिन्न योजनाओं का पेंशन सहित सभी सरकारी विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा बैठक की जा रही है। वही प्रमुख ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को समय से सभी योजनाओं को पूर्ण करने एवं कार्यान्वित योजनाओं में पारदर्शिता पूर्ण संपन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही बैठक में प्रखंड के सभी विभागों के अंतर्गत बनायी गयी विकास रणनीति कार्यान्वयन के अनुसार कार्य करने के लिए उपस्थित अधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। वही सिल्ली वनपाल,सिल्ली, मुरी थाना, प्रखंड आपूर्ति विभाग, प्रखंड सहकारिता विभाग, श्रम प्रावर्तन विभाग सेबैठक में नहीं आने वाले अधिकारियों से प्रमुख ने बीडीओ से स्पष्टीकरण मांगा है।इस मौके परबीपीआरओ कार्तिक मुंडा, चिकित्सा पदाधिकारी प्रियंका सिंह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बलराम सिंह मुंडा, पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार पीएचडी कनीय अभियंता जीत मोहन सिंह मुंडा,समेत प्रखण्ड के पंचायत समिति सदस्य तथा मुखिया गण उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेता ने अनोखे अंदाज में महंगाई का किया विरोध

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**धनबाद :** कांग्रेस नेता इजहार बिहारी ने एक बार फिर बढ़ती महंगाई के खिलाफ शनिवार को अनोखे अंदाज में विरोध किया। महात्मा गांधी के वेश में इजहार बिहारी का यह लुक बरबस ही लोगों का ध्यान खींच रहा था। वे लहसुन, प्याज और आलू की माला पहनकर सड़कों पर निकले और गांधी जी के देश में, गांधी जी के वेश में नारे के साथ नगर भ्रमण कर धनबाद के गांधी सेवा सदन पहुंचे। इस दौरान इजहार बिहारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि इस महंगाई में आम जनता के लिए लहसुन-प्याज और आलू खाना मुश्किल हो गया है। यह महंगाई किस्तों में गरीबों का खून चूसने का काम कर रही है। पिछले 10 वर्षो में महंगाई डायन बन चुकी है। आम जनता महंगाई से त्रस्त है। आलू-प्याज जहां 40 रुपये किलो बिक रही है। वहीं लहसुन 400 रुपये किलो बिक रहा है। इसके बावजूद केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि अविलंब महंगाई और बेरोजगारी पर बिल लायें और जनता को महंगाई से निजात दिलाने का काम करें।संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडरकर के प्रति अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में बेरमो में कांग्रेसियों व भीम आर्मी के सदस्यों ने शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि डॉ अंबेडकर देश के ब्रांड एंबेसडर हैं। संविधान के महत्व को नहीं मानने वाले लोग यह भूल रहे हैं कि वंचित-शोषित समाज की आवाज देने का काम बाबा साहेब ने किया था। पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

राहुल गांधी मामले में कांग्रेस का केंद्र पर हमला

# शाह के आंबेडकर वाले बयान से 'ध्यान भटकाने' की कोशिश

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**रांचीः** झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने केंद्र सरकार की तरफ से लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से जुड़े मामलों को स्थानांतरित करने की निंदा करते हुए कहा कि यह अमित शाह की तरफ से बाबा साहेब आंबेडकर के किए गए अपमान से ध्यान हटाने के लिए किया गया है।

झारखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष का दावाः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को राज्यसभा में अपने संबोधन में कथित तौर पर कहा, 'अगर उन्होंने (विपक्ष ने) आंबेडकर की जगह भगवान का नाम इतनी बार लिया होता, तो उन्हें सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।' इस पर राजेश ठाकुर ने दावा किया कि जिस व्यक्ति को चोट लगी है, वह खुद कह रहा था कि राहुल गांधी सामने खड़े थे और किसी ने उन्हें पीछे से धक्का दिया। तो मामला किसके खिलाफ है?

'मीडिया में पब्लिसिटी पाने के लिए की जा रही कार्रवाई': राजेश ठाकुर ने कहा, 'यह बहुत दुखद है। इस तरह की कार्रवाई सिर्फ और सिर्फ मीडिया में पब्लिसिटी पाने के लिए की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज सामने लाएं, सब कुछ साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा, 'बीजेपी के लोग नेता के पीछे रहे होंगे और उन्होंने उन्हें धक्का दिया। सच तो यह है कि अमित शाह ने बाबा साहेब आंबेडकर का जो अपमान किया है, उससे ध्यान हटाने के लिए इस तरह की कार्रवाई की जा रही है।'

वे फर्जी मामले दर्ज करते हैं- संजय राउत

इससे पहले, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने भी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से जुड़े मामलों को स्थानांतरित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा, 'मोदी सरकार इस मामले को ईडी और एफबीआई को दे सकती है क्योंकि वे कुछ भी कर सकते हैं, वे फर्जी मामले दर्ज करते हैं।'

संसद परिसर में प्रदर्शन के दौरान हुई थी हाथापाईः गुरुवार को, एनडीए और इंडिया ब्लॉक के दोनों सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया, जब दोनों पक्षों के बीच हाथापाई हुई, जिसमें दो भाजपा सांसद घायल हो गए। इस मामले में वरिष्ठ कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने भी आरोप लगाया कि उन्हें धक्का दिया गया। इस घटना के बाद, अनुराग ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा सांसदों ने राहुल गांधी के खिलाफ 'हमला और उकसावे' के लिए दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कुछ ही समय बाद, महिला सांसदों समेत कांग्रेस सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल ने संसद मार्ग पुलिस से संपर्क किया और भाजपा नेताओं पर संसद परिसर में हाथापाई के दौरान कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया।

राजस्व संग्रहण एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक में दीपक बिरुआ ने कहा-

# लक्ष्य पूरा करने में असफल पदाधिकारिओं पर होगी कार्रवाई

## एसवीडी/एएनपीआर/सीसीटीवी कैमरा राज्य भर में लगाने का निर्देश

संवाददाता

**रांची:** प्रोजेक्ट भवन में परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने राजस्व संग्रहण एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की। जिसमें पदाधिकारियों को कई निर्देश दिये गये। मंत्री ने कहा कि राजस्व संग्रहण के लिए वार्षिक लक्ष्य को चार महीने में पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। पदाधिकारी अपनी जिम्मेवारी को समझें। लक्ष्य पूर्ण करने में असमर्थ पदाधिकारी के विरुद्ध समुचित कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के क्रम में मंत्री द्वारा टैक्स, परमिट तथा वाहनों के रजिस्ट्रेशन की काफी कमी पाई



गई, जिसके लिए निर्देश दिया गया कि गत माह में सभी प्रकार के अनिर्णय कार्यों को यथा शीघ्र निष्पादन किया जाए। सभी पदाधिकारी को वाहनों के भौतिक निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया। मंत्री के द्वारा चिरकुंडा, धनबाद में चल रहे चेक पोस्ट की भांति अन्य जिलों में चेकपोस्ट चालू किये जाने के लिए निर्देश दिया गया।

मौके पर मंत्री ने कहा लर्नर लाइसेंस एवं ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत कराए जाने में आम जनों को अनावश्यक परेशानी नहीं हो। पदाधिकारी प्रत्येक दिन आम जनता से मुलाकात करें एवं उनकी परेशानियों को यथाशीघ्र निष्पादित करने की दिशा में कार्य करें। साथ ही सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई किए जाने हेतु एसवीडी/एएनपीआर/सीसीटीवी कैमरा राज्य भर में लगाने का निर्देश दिया गया। मंत्री ने निर्देश दिया कि नए वर्ष के आगमन तथा ठंड बढ़ने के कारण घने कोहरे में होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने के लिए सघन जांच अभियान चलाएं एवं हेलमेट तथा सीट बेल्ट पहनने से संबंधित जागरूकता अभियान चलाएं।

मंत्री ने ग्राम गाड़ी योजना के तहत चलने वाले वाहनों का भौतिक निरीक्षण कर यात्रियों के आवाजाही के लिए सुविधा की जांच करने एवं गुड प्रैक्टिस को सामने लाने का निर्देश दिया। उन्होंने ग्राम गाडी में वाहनों के लक्ष्य की प्राप्ति शत प्रतिशत किए जाने से संबंधित कार्रवाई का आदेश दिया।

बैठक में सचिव परिवहन विभाग कृपानंद झा, संयुक्त सचिव संगीता लाल, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार, उपसचिव मनोज कुमार, अवर सचिव इरशाद आलम, अवर सचिव राजकिशोर कुमार, सभी जिला परिवहन प्राधिकार-सह-सचिव एवं सभी जिला परिवहन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी का आभार समागम संपन्न

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से बोड़ेया स्थित गीतांजलि बैंक्विट हॉल में आभार समागम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, अंबा प्रसाद समेत पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि इंटरनेशनल एजेंसी ने अडानी को लेकर सनसनीखेज टिप्पणियां की हैं। राहुल गांधी ने सदन में इसे लेकर आवाज उठाई, तो उनका विरोध किया गया, कहा कि अडानी मामले को लेकर जांच की मांग को केंद्र नकार रहा है।

कहा कि इस मांग को पूरा न करने के लिए कितने सारे रास्ते बीजेपी अपनाती है। अदानी मुद्दे से कैसे बचे इसे लेकर पूरी कोशिश की जाती है। उन्होंने कहा कि देश के संविधान निमार्ता का जिस तरीके से गृह मंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का अपमान किया। इससे देश के संविधान के साथ बीजेपी की जो नफरत है वो सामने आ गयी। ऐसे व्यक्ति को देश का गृहमंत्री रहने का कोई अधिकार नहीं। उनको संविधान पर भरोसा नहीं। ऐसे में देश के 140 करोड़ लोग उनसे कैसे इंसाफ की उम्मीद कर सकते हैं। पहली बार खुद होम मिनिस्टर ने मीडिया के सामने आकर सफाई दी।

नेताओं ने कहा कि 70 मिनट बोलने के बाद भी जिस अंबेडकर साहब के नाम का अपमान किया उसपर कोई बात नहीं की, जब जवाब नहीं दे पाए तो उससे बचने के लिए राहुल गांधी को बदनाम करने की कोशिश की गई। बीजेपी के सबसे बड़े नायक लालकृष्ण आडवाणी अस्पताल में आईसीयू में हैं। उनके पास भाजपा का कोई एक लीडर भी नहीं गया। कहा कि यह जंग संविधान बचाओ और गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफा को लेकर है। इस मिशन को इंडिया गठबंधन आगे भी लेकर चलेगा।

## आउटर रिंग रोड का एलाइनमेंट तय नहीं, मंजूरी का इंतजार

**रांची:** राजधानी रांची के आउटर रिंग रोड का एलाइनमेंट अभी पूरा फाइनल नहीं हुआ है। अब तक केवल एनएच 33 में ओरमांझी के पास से एनएच 75, एनएच 23 तथा एनएच 75 एक्सटेंशन तक ही एलाइनमेंट तय हुआ है। इसे अंतिम रूप से फाइनल नहीं किया गया है। कुल 195 किमी का आउटर रिंग रोड बनना है। पूरी तरह एलाइमेंट फाइनल करके स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेजना है, तभी इसकी स्वीकृति हो सकेगी।

**तीन साल पहले हुई थी घोषणा :** रांची के लिए आउटर रिंग रोड बनाने की घोषणा करीब तीन साल पहले हुई थी। केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री ने इसके लिए 5000 करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी। इसकी जिम्मेवारी नेशनल हाइवे विंग झारखंड को दी गयी है। ऐसे में एनएच द्वारा इसका सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे में पाया गया है कि इसमें करीब 7000 करोड़ रुपये खर्च आ सकता है। भू-अर्जन के लिए भी राशि का आकलन किया गया है।



### रिंग रोड के बाद इनर रिंग रोड बनना शुरू

इधर पथ निर्माण विभाग ने रांची के लिए रिंग रोड का निर्माण करा दिया है। इसका निर्माण अलग-अलग चरणों में कराया गया। वहीं अब जाकर इनर रिंग रोड का निर्माण कराया जा रहा है। इसका पहले चरण का काम जारी है। दूसरे चरण का काम शुरू होने वाला है। वहीं तीसरे व चौथे चरण का काम भी जल्द शुरू कराने की योजना है।

## चरनी आशीष के बाद शुरू हुआ क्रिसमस गैदरिंग

मेट्रो रेज

**रांची :** संत अलोइसियूस इंटरमीडिएट कॉलेज में क्रिसमस गैदरिंग मनाया गया। मुख्य अतिथि आर्च बिशप विंसेंट आइंद मौजूद थे। इस मौके पर क्रिसमस केक काटा, चरनी की आशीष की और सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं। पवित्र चरनी की आशीष एवं मिस्सा बलिदान से कार्यक्रम की शुरूआत किया।

उन्होंने अपने संदेश में कहा कि माता मरियम ने प्रभु का संदेश एलिजाबेथ को दिया। सिर्फ. अपने वचनों से नहीं बल्कि उसके साथ रह कर उसकी मदद और सहायता से खुशी साझा किया। ऐसे ही खुशी क्रिसमस एक दूसरे को जरूरतमंद की सहायता कर खुशी साझा करना चाहिए। इसके बाद भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। बच्चों, और शिक्षकों की यीशु मसीह का गीत प्रस्तुति किया गया। मौके पर ब्रदर अलफोंस, ब्रदर क्लेमेंट, फादर असीम मिंज, विद्यालय के शिक्षक एवं खीस्तीय समुदाय के विद्यार्थी शामिल थे।




## युवक की चाकू मारकर हत्या करने वाले सात अभियुक्त गिरफ्तार

**गिरीडीह:** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने घटना में शामिल सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी उस वक्त की गयी, जब वह जिला छोड़कर भागने के फिराक में था। पुलिस ने मुख्य अभियुक्त के पास से हमले में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है। बताया जाता है कि मुख्य अभियुक्त का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। वह हाल के दिनों में ही जेल से छूटकर बाहर आया है।

**माइंस के पास से हटने की बात पर हुआ विवाद :** दरअसल चिलगा गांव के पास कबीरबाद माइंस में शनिवार को ब्लास्टिंग होनी थी। इस दौरान आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मी और कुछ अन्य लोगों ने माइंस के पास घूमने आये बाइक सवार युवकों को वहां से हटने के लिए कहा। इस पर बाइक सवार युवक आक्रोशित हो गये और दामोदर यादव समेत अन्य लोगों से गाली-गलौज करने लगे। थोड़ी देर बाद करीब एक दर्जन युवक वहां पहुंचे और घर के बाहर बैठे दामोदर यादव पर चाकू से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गयी।

**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला**
**Email Id – gumlahorti@gmail.com, Phone No.- 65243 59722**

**अति अल्पकालीन निविदा**
**अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–02 / 2024–25**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में उद्यान विकास की योजनान्तर्गत उपयोजना 'प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग' के तहत विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक कार्यकारी संस्था से मुहरबंद निविदा PR 341583 (Agriculture, Animal Husbandry And Co-opretive Department)24-25(D) द्वारा आमंत्रित की गयी थी। निविदा निष्पादन के क्रम में तकनीकी बीड में आंशित त्रुटी पाये जाने के कारण दिनांक 30.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0.सं0. | कार्य अवयव का नाम | मात्रा / सं0 |
|---|---|---|
| 1 | प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग अन्तर्गत विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति | आवश्यकतानुसार |

नोटः–
1. निविदा की सामग्री नियम एवं शर्तो की पूर्ण विवरणी कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला से प्राप्त किया जा सकता है।
2. इच्छुक निविदादाता दिनांक 30.12.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला में व्यक्तिगत रूप / डाक से मुहरबंद निविदा दे सकते हैं।
3. प्राप्त मुहरबंद लिफाफा को जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय प्रकोष्ठ में क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा, जिसकी तिथि निर्धारित करते हुए निविदादाता को अग्रिम सूचना दे दी जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

PR 342595 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(24-25).D

जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला

## काम्या हेल्पलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का भंडा फोड़, लोगों को मिला न्याय

**रांची:** काम्या हेल्पलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड केएचएस, पटना की कंपनी जिसके निर्देशक रजनीश प्रकाश एवं शोभा सिंह है अपने अधीनस्थ डॉक्टर को कई वर्षो से काम कराकर जगह-जगह कैंप लगाकर एवं भोले भाले लोगों से रोजगार,व्यवसाय इत्यादि के नाम पर लाखों लाख रुपया लेकर धोखाधड़ी कर फरार हो गया था। रांची, लोहरदगा, पुरुलिया जशपुर जैसे विभिन्न जगहों पर थाना द्वारा पिछले तीन-चार वर्षो से विशेष कार्यवाही नहीं होने के कारण जालसाज के शिकार पीड़ित लोग काफी तनावग्रस्त और परेशान थे। दिनांक 17 दिसंबर 2024 को अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य एवं अमन कुमार राहुल के द्वारा झारखंड उच्च न्यायालय में सारी सच्चाई प्रस्तुत कर के ।एच।एस कंपनी और रजनीश प्रकाश कि काले कारनामों के बारे में कोर्ट को बताते हुए न्याय के लिए अपिल किए,जिस पर जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी ने रजनीश प्रकाश को दोषी करार करते हुए इंसाफ किए। न्याय की जीत होने पर और इतने वर्षो के संघर्ष के बाद उच्च न्यायालय द्वारा इंसाफ मिलने पर देवन्ती देवी,राइस अहमद, प्रफुल्ल तिग्गा,मोहम्मद असलम इत्यादि सभी पीड़ितों ने तहे दिल से उच्च न्यायालय और अधिवक्ता के प्रति आभार जताया। डॉक्टर अमीना खातून जो न्याय के लिए बहुत संघर्ष की और आज हमारे बीच नहीं रही उनको भी उच्च न्यायालय द्वारा प्राप्त जीत एवं इंसाफ होने पर उनको भी नमन श्रद्धांजलि दी गई।

## नाबालिग पीड़िता के परिवार को डालसा का समर्थन

विनय मिश्रा

जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या मामले ने पूरे क्षेत्र को गहरे सदमे और शोक में डाल दिया है। इस घटना से पूरे इलाके में आक्रोश और गम का माहौल है।

डालसा सचिव राजीव कुमार सिंह इस मामले पर व्यक्तिगत रूप से नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने स्थानीय पैरा लीगल वॉलंटियर्स को निर्देश दिया है कि वे पीड़िता के परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान करें। सचिव के मार्गदर्शन में पीएलवीएस प्रमिला पात्रो और उमर सादिक ने पीड़िता के परिवार से उनके घर और थाना परिसर में मुलाकात की।

पीएलवीएस ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का पूर्ण



आश्वासन दिया और पॉक्सो एक्ट-2012 के तहत मिलने वाले मुआवजा, पुनर्वास सहायता, और अन्य कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने परिवार के साथ मिलकर सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार करने में मदद की।

पीड़िता कक्षा नौंवी की छात्रा है और अपने परिवार के बेहद कठिन हालात में रह रही है। कुछ साल पहले उसके पिता की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद उसकी मां घर पर नाश्ता बेचकर अपने बच्चों का पालन-पोषण कर रही हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है।

डालसा सचिव राजीव कुमार सिंह ने परिवार को न्याय दिलाने, मुआवजा प्रदान करने, पुनर्वास सहायता, और कानूनी सहयोग सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया है। पीएलवीएस उमर सादिक और प्रमिला पात्रो इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने और परिवार को आवश्यक सहायता दिलाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

डालसा की इस पहल से न केवल पीड़िता के परिवार को न्याय मिलने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं, बल्कि उनके पुनर्वास और भविष्य को सुरक्षित करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

**कार्यालय नगर परिषद रामगढ़**

**अति–अल्पकालिन दर आमंत्रण सूचना**
**NIT/RGH/NP/20/2024-25**

एतद द्वारा नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय अंतर्गत कुल 15 पानी टैंकरो में विभिन्न मरम्मती का कार्य किया जाना है। इच्छुक संवेदक जो इस कार्य को करने में इच्छा रखते है वे दिनांक– 03 / 01 / 2025 को अपराहन 3:00 बजे तक अपना दर कार्यालय में जमा कर सकते हैं। जिसकी विवरणी निम्नलिखित है:–

| क्र0सं0 | सामग्री का नाम | दर / प्रति एक एदद |
|---|---|---|
| 1. | Fixing of Water Tanker Stand | 15 |
| 2. | Fixing of Water Valve o f Water Tanker | 15 |
| 3. | Fixing of Tow Hook of Water Tanker | 10 |
| 4. | Fixing of Water Leakage in Water Tanker | 15 |
| 5. | Fixing of Ball Bearing and Greasing of Wheels of Water Tanker | 15 |
| 6. | Denting and Painting of Water Tanker | 15 |

अन्य शर्तें–
- कार्य करने हेतु अग्रिम राशि देय नहीं होगा।
- कार्य संतोषजनक रहने के उपरांत ही भुगतान किया जाएगा।
- ट्रांसपोर्टेशन चार्ज देय नहीं होगा।
- सामान्य दर होने के स्थिति में एक से अधिक फर्म / एजेन्सी / संवेदक को कार्य देने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

प्रशासक
नगर परिषद, रामगढ़

PR 342572 District(24-25).D

## राष्ट्रीय खादी सरस मेले में दूसरे दिन लोगों ने जमकर की खरीदारी

**रांची:** राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में चल रहे राष्ट्रीय खादी-सरस मेले में दूसरे दिन लेगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं, लोक कलाकारों ने झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शिल्पकला का अद्भुत प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम ने राज्य के कारीगरों और उद्यमियों को एक मंच प्रदान किया, जहां उन्होंने पारंपरिक मसाले, वस्त्र, जूते, आभूषण, हस्तशिल्प, पेंटिंग्स और घरेलू सजावट जैसी विविध वस्तुओं का प्रदर्शन किया। झारखंड के विभिन्न जिलों के स्टॉलों पर राज्य की शिल्पकला की विविधता को प्रदर्शित किया



गया। दुमका की जादू पाटिया, हजारीबाग की हैंडलूम साड़ियां व लोहरदगा के कालीन जैसे उत्पादों ने आगंतुकों को आकर्षित किया। खाद्य पदार्थों के स्टॉलों पर लोगों ने झारखंड के लजीज व्यंजनों का स्वाद लिया।

खादी महोत्सव में राज्य के 24 जिलों के 200 स्वयंसहायता समूह भाग ले रहे हैं। 10 जिलों के स्वयंसहायता समूहों द्वारा लगाए गए पालश दीदी कैफे आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पहले दिन ही इन कैफे ने 2 लाख 22 हजार रुपए का बिजनेस किया, जो स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने में इस आयोजन की भूमिका को दशार्ता है। यह महोत्सव न केवल झारखंड की सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है, बल्कि यह राज्य के स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का एक मंच भी है। इससे स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।

## युवक ने नाबालिग की भरी मांग



**हजारीबागः** जिले के कटकमसांडी में एक युवक ने स्कूल से लौट रही नाबालिग लड़की की मांग में सिंदूर भर दिया। यह घटना शनिवार को ढोठवा गांव में हुई। युवक की पहचान देवल दांगी के पुत्र नितेश कुमार दांगी के रूप में की गई है, जबकि लड़की दूसरी जाति से है। लड़की के परिवार ने पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने तुरंत कारवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। यह मामला पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज किया गया है।

**ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार**
**विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉची।**

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/97/2024-25 दिनांक– 21 / 12 / 2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | एफ0एफ0 पी0 भवन, धुर्वा रॉची स्थित कमरा सं0 07, 24, 25, 102, 212, 227 में 12 अदद् 1.5 टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के बदलीकरण एवं डी0एस0 विजिटिंग रूम प्रोजेक्ट भवन में 03 अदद् 1.5 टन एवं कमरा सं0 21 में 02 अदद् 1.5 टन एवं एम0डी0आई0 भवन स्थित कमरा सं0 31, शिक्षा सचिव, मिटिंग हॉल में 02 अदद् 1.5टन एवं प्रोजेक्ट भवन के कमरा सं0 116 एवं में 02 अदद् 2.0 टन एवं कमरा सं0 409 में 01 अदद् 2.0टन क्षमता के वातानुकूलित संयंत्र के बदलीकरण का कार्य। | 17,22,894–00 | 5,000–00 | 35,000–00 | 28 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 30.12.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 31.12.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 06.01.2025 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 07.01.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन न0 / ई0 मेल | 0651–2490069 / electricalexecutiveenginecrewd@gmail.com | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 342594 (Energy) 24-25 (D)

# एक नहीं बल्कि 12 दिनों तक क्रिसमस मनाने की है मान्यता

**क्रिसमस का त्यौहार सिर्फ एक दिन का नहीं होता है बल्कि पूरी दुनिया में 12 दिनों तक यह पर्व बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। क्रिसमस पर्व के 12 दिनों का अपना अलग महत्व और हर दिन कुछ न कुछ खास होता है।**



क्रिसमस का पर्व ईसाई धर्म के लोगों के सबसे प्रमुख त्योहारों में से एक है। हर साल 25 दिसंबर को क्रिसमस के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। मान्यताओं के अनुसार इस दिन ईसा मसीह के जन्म हुआ था। भारत में अब अन्य धर्मों के लोग भी इस त्यौहार को बड़ी धूम-धाम से मनाते हैं। क्रिसमस के मौके पर चारों तरफ खुशी माहौल होता है और लोग एक-दूसरे को गिफ्ट देते हैं। इस दिन गिरिजा घरों की रौनक देखने लायक होती है। क्रिसमस के दो-चार दिन पहले से ही चर्चों और घरों को सजाया जाता है। इस दिन स्वादिष्ट पकवान बनाए जाते हैं और लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ मौज-मस्ती करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि क्रिसमस का त्यौहार सिर्फ एक दिन का नहीं होता है बल्कि पूरी दुनिया में 12 दिनों तक यह पर्व बड़ी धूम-धाम से मनाया जाता है। क्रिसमस पर्व के 12 दिनों का अपना अलग महत्व और हर दिन कुछ न कुछ खास होता है। आज के इस लेख में हम आपको बताएंगे कि क्रिसमस डे की शुरूआत कैसे हुई और इन 12 दिनों में क्या-क्या होता है -

## क्यों मनाया जाता है क्रिसमस डे

क्रिसमस डे का इतिहास कई सदियों पुराना है। प्राचीन कथा के अनुसार क्रिसमस के दिन ईसाई धर्म की स्थापना करने वाले प्रभु यीशु का जन्म हुआ था। यही कारण है कि इस दिन को पूरी दुनिया में क्रिसमस-डे कहकर सेलेब्रेट किया जाता है। प्रभु यीशु ने मरीयम के यहां जन्म लिया था। एक प्राचीन कथा के अनुसार, एक बार ईश्वर ने अपने दूत ग्रैबियल को मैरी नामक युवती के पास भेजा। ग्रैबियल ने मैरी को जाकर कहा कि उसे ईश्वर के पुत्र को जन्म देना होगा। यह बात सुनकर मैरी चौंक गई क्योंकि वह कुंवारी थी। हालाँकि, धीरे-धीरे समय बीता और मैरी की शादी जोसेफ नाम के युवक के साथ हो गई। इसके बाद एक दिन एक मरीयम को एक सपना आया कि बहुत जल्द यीशु उनके गर्भ से जन्म लेंगे। कुछ दिन बाद मरियम गर्भवती हुईं। इस दौरान किसी कारण से जोसेफ और मरियम को बेथलहम जाना पड़ा। जब रात ज्यादा हो गई तो उन्होंने वही रुकने के बारे में सोचा। लेकिन सभी धर्मशालाएँ और शरणालय भरे होने के कारण उन्हें वहां रुकने के लिए कोई ठीक जगह नहीं मिल पाई। ऐसे में उन्हें एक अस्तबल में जगह मिली और उन दोनों ने वहीं रुकने का फैसला किया। उसी के अगले दिन माता मरियम ने प्रभु यीशु को जन्म दिया था। क्रिसमस शब्द की उत्पत्ति क्राइस्ट शब्द से हुई है। इतिहास के जानकारों के मुताबिक, दुनिया में सबसे पहली बार यह त्यौहार रोम में 336 ई। में मनाया गया था।

## 12 दिनों तक चलता है क्रिसमस पर्व

**पहला दिन (25 दिसबंर)** – इस दिन को क्रिसमस डे को रूप में मनाया जाता है। इसी दिन से ही क्रिसमस का जश्न शुरू हो जाता है। क्रिसमस पर्व के पहले दिन को ईसा मसीह के जन्मदिन के रूप में मनाते हैं।

**दूसरा दिन (26 दिसंबर)** – इस दिन को बॉक्सिंग डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन को सेंट स्टीफन डे के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि ईसाई धर्म के लिए सबसे पहले कुबार्नी देने वाले व्यक्ति सेंट स्टीफन थे।

**तीसरा दिन (27 दिसंबर)** – क्रिसमस पर्व का तीसरा दिन सेंट जॉन को समर्पित होता है। सेंट जॉन के बारे में कहा जाता है कि वे ईसा मसीह से प्रेरित और उनके मित्र माने जाते हैं।

**चौथा दिन (28 दिसंबर)** – क्रिसमस पर्व के चौथे दिन के बारे में कहा जाता है कि इस दिन किंग हीरोद ने ईसा मसीह को ढूंढते समय कई मासूम लोगों का कत्ल कर दिया था। उन्हीं मासूम लोगों की याद में इस दिन उनके लिए प्राथना का आयोजन किया जाता है।

**पांचवां दिन (29 दिसंबर)** – क्रिसमस पर्व के पाँचवा दिन सेंट थॉमस को समर्पित होता है। 12वीं सदी में चर्च पर राजा के अधिकार को चुनौती देने पर आज ही के दिन उनका कत्ल कर दिया गया था।

**छठा दिन (30 दिसंबर)** – यह दिन सेंट ईगविन ऑफ वर्सेस्टर को समर्पित होता है। इस दिन ईसाई धर्म के लोग सेंट ईगविन ऑफ वर्सेस्टर को याद करते हैं।

**सातवां दिन (31 दिसंबर)** – इस दिन के बारे में ऐसा कहा जाता है कि पॉप सिलवेस्टर ने इस दिन को मनाया था। कई यूरोपियन देशों में नए साल से पहले की शाम को सिलवेस्टर कहा जाता है। इस दिन खेल-कूद आयोजित किए जाते हैं।

**आठवां दिन (1 जनवरी)** – क्रिसमस का आंठवां दिन ईसा मसीह की मां मदर मैरी को समर्पित होता है।

**नौवां दिन (2 जनवरी)** – क्रिसमस पर्व का नौवां दिन, चौथी सदी के सबसे पहले ईसाई ह्यसेंट बसिल द ग्रेटह्ल और ह्यसेंट ग्रेगरी नाजियाजेनह्ल को समर्पित होता है। इस दिन उन्हें याद किया जाता है।

**दसवां दिन (3 जनवरी)** – मान्यताओं के अनुसार आज के दिन ईसा मसीह का नाम रखा गया था। इस दिन चर्च को सजाया जाता है और गीत गाए जाते हैं।

**ग्यारहवां दिन (4 जनवरी)** – यह दिन 18वीं और 19वीं सदी की संत सेंट एलिजाबेथ को समर्पित है। वे अमेरिका की पहली संत थीं। इस दिन उन्हें याद किया जाता है।

**बारहवां दिन (5 जनवरी)** – क्रिसमस पर्व का आखिरी दिन अमेरिका के पहले बिशप सेंट जॉन न्यूमन को समर्पित है।इस दिन को एपीफेनी भी कहा जाता है।

# विंटर में हार्ट का रखें विशेष ध्यान

कहा जाता है दिल जवां हो तो इंसान भी जवान रहता है। अब दिल को जवां रखने के लिए क्या किया जाए, यह बड़ा सवाल है। खराब जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से दिल के स्वस्थ पर असर पड़ता है। अगर हम सभी अच्छी आदतें और बढ़िया डाइट लें, तो दिल को जवां रखा जा सकता है। वैसे विंटर में दिल को स्वस्थ रखना काफी जरुरी है। आइए आपको बताते हैं सर्दियों में अपने हार्ट को किस तरह से हेल्दी रखें।

**ठंड से बचाएं**

सर्दी के दौरान दिल को हेल्दी रखना बेहद जरुरी है। सर्दी के दौरान खुद को ठंड से बचाएं। अगर सर्दियों में आप खुद को ठंड से नहीं बचाते हैं तो इसका असर सबसे पहले दिल पर देखने को मिलता है। कई बार अत्यधिक ठंड लगने से दिल धड़कना बंद हो जाता है। सर्दियों में हार्ट अटैक मामले भी बढ़ जाते है।

**गुनगुना पानी पिएं**

सर्दियों में डॉक्टर भी सलाह देते हैं कि दिल को स्वस्थ रखने के लिए गुनगुना पानी जरुर पिएं। हार्ट के लिए ठंडा पानी नुकसानदायक है। सर्दी में किसी कैटल मे या फिर पानी को गर्म करके हॉट वाटर बॉटल में रखें और इसे पिएं।

**एक्सरसाइज करें**

विंटर के दिनों में आलास करने से बचें। ध्यान रहे कि सर्दियों में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक्सरसाइज करें, इससे दिल भी स्वस्थ रहता है। आप चाहे तो 5-10 मिनट तक एक्सरसाइज कर सकते हैं।

**नशीले पदार्थों से दूर रहे**

अगर आप सिगरेट, शराब या तंबाकू का सेवन करते हैं, तो छोड़ दें, क्योंकि यह दिल के लिए यह सबसे बड़े दुश्मन है। दिल को स्वस्थ रखने के लिए इन सब चीजों को तौबा कर दीजिए। दिल को स्वस्थ रखने के लिए नशा करना छोड़ दें।

# क्रिसमस पार्टी के लिए अट्रैक्टिव लुक के लिए जींस के साथ स्टाइल करें ट्रेंडी टॉप डिजाइंस

अगर आप भी जींस में स्टाइलिश लुक पाना चाहते हैं, तो आप क्रिसमस की पार्टी में शामिल होना चाहते और एकदम परफेक्ट स्टाइलिश लुक पाना चाहते हैं, तो आप स्टाइलिश टॉप कैरी कर सकती है।



क्रिसमस की पार्टी में सबकी नजर आप पर रहें हैं, तो इन स्टाइलिश टॉप को जरुर ट्राई करें। क्रिसमस पार्टी में कई महिलाएं ड्रेस पहनती है, तो कई महिलाएं कंफर्टेबल रहने के लिए जींस पर टॉप वियर करती है। इस बार आप भी क्रिसमस पर कुछ अलग दिखाना चाहते हैं, तो आप यह टॉप जरुर पहनें। यह आपके लुक में चार चांद लगा देगा। चलिए इस लेख में हम आपको यूनिक टॉप डिजाइंस के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप स्टाइल कर सकते हैं।

## वी-नेक डिजाइन टॉप

अगर आपको चटक रंग पसंद नहीं है और सिंपल लुक ट्राई करना चाहते हैं, तो आप वी-नेक डिजाइन वाली टॉप को स्टाइल कर सकते है। ज्यादातर यह टॉप लॉन्ग स्लीव्स में आती है जो पफ स्टाइल में आते हैं। इस तरह की टॉप स्टाइलिश टॉप आप भी पहन सकते हैं।

## जियोमेट्रिक प्रिंट टॉप

अगर आप क्रिसमस पार्टी में हटके लुक ट्राई करना चाहते हैं, तो आप जियोमेट्रिक प्रिंटेड टॉप का चुनाव कर सकते हैं। इस टाइप के टॉप आपको कई डिजाइंस के साथ मिल जाएंगे। इस तरह के टॉप मार्केट व ऑनलाइन प्लेटफार्म पर 500 से 600 रुपये में मिल जाएंगे।

## ग्राफिक प्रिंट टॉप

ग्राफिक प्रिंट टॉप को आप व्हाइट जींस के साथ पहन सकते है। इस तरह का टॉप न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस टॉप में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। इसे आप 600 रुपये की कीमत में खरीद सकते हैं।

# नेपाल घूमने का बना रहे प्लान तो एक्सप्लोर करें ये 5 फेमस प्लेस

अगर आप भी नेपाल घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आज हम आपको काठमांडू में घूमने के लिए 5 बेस्ट जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। इसके अलावा आप नेपाल में पहाड़ों और जंगलों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

नेपाल एक ऐसी जगह है जो अपना प्राकृतिक सुंदरता और मंदिरों के लिए खासा फेमस है। नेपाल में घूमने के लिहाज से कई अच्छी जगहें हैं, जहां पर हर साल हजारों-लाखों की संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। नेपाल पहुंचकर लोग यहां की प्राकृतिक सुंदरता का दीदार करते हैं। इसके अलावा आप नेपाल में पहाड़ों और जंगलों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। वहीं नेपाल में हिंदू और बौद्ध धर्म के कई पीठ और मंदिर हैं। जहां पर आप दर्शन के लिए जा सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी नेपाल घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको काठमांडू में घूमने के लिए 5 बेस्ट जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

## पशुपतिनाथ मंदिर

नेपाल घूमने आएं और यहां के सबसे फेमस और प्राचीन मंदिरों में से एक पशुपतिनाथ मंदिर काठमांडू में स्थित है। बता दें कि इस मंदिर के एक तरफ बागमती नदी बहती है। पशुपतिनाथ मंदिर भगवान शिव को समर्पित है।

## बौधनाथ स्तूप

बौधनाथ स्तूप के बारे में आप सबने सुना होगा। यह यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल और दुनिया के सबसे बड़े स्तूपों में से एक है। काठमांडू में मौजूद बौधनाथ स्तूप बौध धर्म और वास्तुकला दोनों का अद्भुत मिश्रण है। यह बौध स्तूप प्राचीन व्यापार मार्ग पर स्थित है। जो तिब्बत से काठमांडू की तरफ है।

## थमेल

काठमांडू से आने वाले लोगों के लिए यह जगह एक फेमस डेस्टिनेशन है। यहां पर कई दुकानें, होटल और रेस्तरां हैं। जिन्हें विशेष रूप से लोगों के लिए अलग तरह से डिजाइन किया गया है।

## गार्डन ऑफ ड्रीम

इस बेहद खूबसूरत पार्क को गार्डन ऑफ ड्रीम्स के नाम से जाना जाता है। यह काठमांडू का एक फेमस पर्यटन स्थल है। तो आपको शहर के भीड़भाड़ और तनावों से राहत और ताजगी देते का काम करता है। गार्डन ऑफ ड्रीम दुनिया की सबसे आश्चर्यजनक जगहों में से एक है।

## स्वयंभूनाथ स्तूप

बता दें कि काठमांडू घाटी में पहाड़ी की चोटी पर स्वयंभूनाथ स्तूप स्थित है। यह एक टूरिस्ट प्लेस है। वहीं यह जगह काठमाडूं के सबसे अच्छे आकर्षणों में से एक है। यह पूरी जगह अलग-अलग तरह के पेड़ों से घिरा हुआ है।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### जिरवाबाडी पुलिस शव की शिनाख्त में जुटी

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल में इलाजरत एक अज्ञात बुजुर्ग की मौत ।जिरवाबाडी पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव कि शिनाख्त के लिए पोस्टमार्टम रूम स्थित मोर्चरी में रखवा दिया।बताया जा रहा है कि अज्ञात बुजुर्ग रसूलपुर दहला निवासी रामजी 78 वर्ष पिता स्वर्गीय साधू हैं।लेकिन इसकी शिनाख्त करने के लिए अब तक कोई नहीं आया है। बुजुर्ग रेलवे स्टेशन के पास भीख मांग कर अपना गुर्जर बसर करते थे तबीयत बिगड़ने के बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। इलाज के क्रम में बुजुर्ग की मौत हो गई। इधर जिरवाबाडी पुलिस शव कि शिनाख्त में जुटी है।

### दो अज्ञातों अपराधी छात्र के गर्दन पर धारदार वस्तु से किया वार -छात्र घायल

**साहिबगंज :** शहर के प्रोविडेंस स्कूल के बाहर प्रोविडेंस स्कूल कक्षा छह की छात्रा के गर्दन पर किसी अज्ञात ने किसी धारदार वस्तु से वार कर दिया। जिससे छात्र घबरा गई और रोने लगी और इसकी जानकारी स्कूल प्रबंधक होती।इधर छात्र के स्वजनों एवं पुलिस को सूचना मिलते हैं।मिलते ही स्कूल पहुंच गए मामले की छानबीन करते हुए सीसीटीवी फुटेज कंगला। जानकारी के अनुसार प्रोविडेंट स्कूल की छुट्टी होने के बाद बाहर काफी भीड़ हो गई थी। इसी दरमियान छात्र स्कूल से निकलकर पास ई रिक्शा के पास जा रही थी। तभी बाइक पर सवार दो अज्ञातों ने उसके गर्दन पर किसी धारदार वस्तु से वार कर दिया जिसके कारण छात्रा के गर्दन पर जख्म हो गया और खून बहने लगा। इधर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की छानबीन कर रही है।

### खोलता हुआ सब्जी उसके शरीर पर फेंका

साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कारगिल दियारा निवासी दिलीप मंडल ने अपने पत्नी सीता देवी व दो वर्ष बेटा अंकुश मंडल के ऊपर खोलता हुआ सब्जी फेंक दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से झुलस गए।स्वजनों ने दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल मे भर्ती करवाया।जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेज दिया।घायल के पिता ने बुधराम मंडल ने बताया कि मेरा दमाद शराब पीकर मेरी बेटी के साथ मारपीट करता है शुक्रवार की देर शाम मेरी बेटी सब्जी बना रहे थे इसी दौरान मेरा दमाद दिलीप मंडल आया और खोलता हुआ सब्जी उसके शरीर में फेंक दिया जिससे मेरी बेटी और गोद में ली बच्चा दोनों झुलस गए।

### गढ़वा में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

गढ़वाः जिले के मझिआंव थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से एक युवक ने दुष्कर्म किया. घटना की जानकारी मिलने के बाद मझिआंव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. घटना को लेकर बताया जा रहा है कि बीती रात अचानक नाबालिग अपने मामा के घर से लापता हो गई थी. इसके बाद रात में ही उसके रिश्तेदारों द्वारा आसपास के क्षेत्र में खोजबीन शुरू कर दी. इसी दौरान पास के गांव के समीप नाबालिग के होने की सूचना मिली. इसकी जानकारी तत्काल थाना पुलिस को दी गई. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया.

पुलिस के मुताबिक, परिजन के दिए गए आवेदन पर किशोरी का घर से अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोप में कांड संख्या 127/24 के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे जेल भेज दिया गया. इस संबंध में एसडीपीओ ने बताया कि नाबालिक लड़की के पिता के द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है, जिसमें उसकी बेटी का पहले अपहरण और उसके बाद सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की शिकायत की गई है. किशोरी का मेडिकल जांच भी कराया गया है. एसडीपीओ ने कहा कि आरोपी युवक पहले भी दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुका है. अब ये आदतन अपराधी बन चुका है, कोशिश रहेगी कि इसे अधिक से अधिक सजा मिले.

### बेहतर कार्य करने वाले सफाईकर्मी सम्मानित

**लातेहारः** नगर प्रशासक राजीव रंजन ने कहा कि सामूहिक सहयोग के बिना कोई भी कार्य संभव नहीं हो पाता है. उन्होंने कहा कि जब दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ किया जाता है तभी कोई कार्य बेहतर हो पाता है. रंजन शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों सफाई व अन्य कर्मियों को सम्मानित कर रहे थे. यह सम्मान दुर्गा पूजा, दीपावली, छठ पूजा और विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने के लिए दिया गया. उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय परिसर में प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया. कहा कि विधानसभा चुनाव की व्यस्तता के बावजूद भी सबों ने बेहतर कार्य किया. खास कर सफाई मित्रों ने दुर्गा पूजा, दीपावली व छठ जैसे महान पर्वों में नगर की साफ सफाई में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी. इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं. उन्होंने कहा कि नगर को स्वच्छ व सुंदर बनाये रखने में सफाई मित्रों का अहम योगदान है. मौके पर नगर प्रबंधक जया लक्ष्मी भगत व प्रबंधक राजकुमार वर्माद्व, सहायक अभियंता कुमार रवि, कनीय अभियंता संदीप कुमार, अमीत कुमार व अजीत कुमार, नगर पर्यवेक्षक रंधीर कपूर, तहसीलदार राजू प्रसाद समेत नगर पंचायत के कई कर्मी व सफाई मित्र आदि मौजूद थे.

### क्रिसमस गैदरिंग सह वार्षिकोत्सव मनाया गया

**लातेहारः** संत जेवियर एकेडमी महुआडांड़ में शनिवार को क्रिसमस गैदरिंग सह वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया. इस गैदरिंग का शुभारंभ मुख्य अतिथि फादर संजय गिद्ध, डाल्टनगंज धर्मप्रांत के शिक्षा डायरेक्टर फादर बरथोलोमी एवं फादर सुरेश तिर्की द्वारा दीप प्रज्वलित कर चरनी आशीष के साथ किया गया. क्रिसमस गैदरिंग में आकर्षक रूप से चरनी व क्रिसमस ट्री सजाया गया था. मंच पर बच्चों ने सांता क्लॉज के वेश मे क्रिसमस गीतों पर मनमोहक नृत्य किया. बिशप थियोडोर ने कहा कि बच्चों के साथ मिल कर क्रिसमस गैदरिंग करना चाहते हैं, कि बच्चों से ही क्रिसमस की शुरूआत होती है. फादर ने अपने संदेश में बच?चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब मन लगा कर अध्ययन करें. मन नई नई चीजों को सोचने और आगे बढ़ने के लिए है. दिल से सभों को प्यार करें तथा कठिन मेहनत करें. उन्होंने सभी बच्चों के लिए प्रथार्नायें की.

### शिविर में 239 लोगों की दिव्यांगता जांच

**देवघर :** देवघर के सिविल सर्जन कार्यालय परिसर में शनिवार को दिव्यांगता जांच शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में 239 लोगों की दिव्यांगता की जांच की गयी. हाथ-पैर से दिव्यांग 138, कान व मुंह से दिव्यांग 45, आंख से दिव्यांग 26 व मानसिक रूप से बीमार 30 लोगों ने शिविर में आवेदन दिया था. डॉ पीके शर्मा, डॉ अमरीष ठाकुर, डॉ राजीव रंजन राज व डॉ अनिल कुमार ने इनकी जांच की. दिव्यांगता के लक्षण के आधार पर उनमें दिव्यांगता प्रतिशत निर्धारित किया गया. इसके बाद उन्हें दिव्यांगता प्रमाणपत्र दिया जायेगा

### विधायक ने जानी समस्याएं

**दुमका :** जरमुंडी विधायक देवेंद्र कुंवर ने शनिवार को बासुकिनाथ के खेतौरी धर्मशाला में पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं के साथ बैठक की. इसके बाद वह कार्यकताओं के साथ प्रखंड कार्यालय पहुंचे और जगह-जगह रुक कर लोगों से समस्याओं की जानकारी ली. क्षेत्र के विकास में तेजी लाने की बात कही. कहा कि जरमुंडी, सारवां व सोनारायठाड़ी क्षेत्र के प्रत्येक गांव के विकास के लिए वह दृढ़ संकल्पित हैं. मौके पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पूनम देवी, भाजपा जिला महामंत्री मनोरमा देवी, भाजपा नगर अध्यक्ष शैलेश राव, नगर मंत्री नरेश पंडा, स्वरूप सिन्हा, रंजीत कुमार पांडेय, संदीप पांडेय, अशोक शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, विश्वंभर राव, पवन तुरी, सहदेव मांझी, नरेश पंडा, सुदर्शन मंडल आदि उपस्थित थे।

# मजदूरों के हक अधिकार की लड़ाई जारी रहेगी : डॉ गया प्रसाद शर्मा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक का केन्द्रीय अधिवेशन बाकुड़ी में किया। जिसकी अध्यक्षता केन्द्रीय अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कामगार श्रमिक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ गया प्रसाद शर्मा व विशिष्ट अतिथि केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव उपस्थित हुए। मंच संचालन रणधीर प्रसाद चौरसिया ने किया।झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक पिछले तीन साल से झारखंड में मजदूरों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ते हुए प्रथम केन्द्रीय अधिवेशन का आयोजन किया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर और संघ का झंडोत्तोलन कर किया।झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के सभी पदाधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों का बारी बारी से समीक्षा किया गया। और पुरानी कमिटी को भंग कर नयी कमिटी का गठन किया गया।जिसमें 17 सदस्य का नया कमिटी बनाया। जिसमें मुख्य रूप से पुनः संजय कुमार गुप्ता को केन्द्रीय अध्यक्ष,राजकुमार यादव को केन्द्रीय महामंत्री अजय कुमार रजक को कोषाध्यक्ष बनाया गया।झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक के केन्द्रीय अधिवेशन में रविकांत ठाकुर, फुल कुमारी



देवी,ललित कुमार सिंह,गणेश ठाकुर,मिथुन राजवंशी,चंचल यादव,सुनिल कुमार गुप्ता,मनोज खुदानियां, मो मोती उर रहमान,मो इमाम विश्वास, परवेज आलम, महिला अध्यक्ष मंजु देवी,रंजीत यादव, साहेबगंज जिला अध्यक्ष मिथुन यादव,पाकुड़ जिला अध्यक्ष अमित कुमार मंडल,गोंडा जिला अध्यक्ष महेन्द्र यादव,तालझारी प्रखंड अध्यक्ष बिनोद कुमार पंडित,उधवा प्रखंड अध्यक्ष मोहन मंडल,बड़हरवा प्रखंड अध्यक्ष संजीव घोष,साहेबगंज प्रखंड अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी,मडरो प्रखंड अध्यक्ष बिनोद कापरी,बोरियो प्रखंड अध्यक्ष आलोक सेन,राजमहल प्रखंड अध्यक्ष जमुना राय सहित दर्जनों मजदूर संघ के सदस्यों ने हिस्सा लिये और आगे भी मजदूरों के हक अधिकारों के लिए संघर्षरत रहने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में केन्द्रीय अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का घोषणा किया।

## बीएसएफ के जवानों ने तिरंगे में लपेट कर हवाई फायरिंग कर सलामी दी

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बोरियो :** बीएसएफ जवान बेटका सोरेन की बीमारी से हुई मौत पर शनिवार को उनके पैतृक गांव सूड़ी टोला में तिरंगे में लिपटे बेटका सोरेन को अंतिम सलामी देकर दफनाया गया।वेस्ट बंगाल के 149 बटालियन के एसआई सुमेर सिंह के नेतृत्व में 2 हेड कॉन्स्टेबल, व सात जवान शामिल हुए जिसमें कुल 11 बीएसएफ के जवानों ने तिरंगे में लपेट कर हवाई फायरिंग कर सलामी दी।इसके बाद क्रिश्चियन रीति रिवाज में फादर के द्वारा विनती पढ़ कर दफनाया गया।बीएसएफ एसआई सुमेर सिंह ने बताया कि बेटका सोरेन की साला अनुज हंसदा ने बीएसएफ के एनजीडेंट को मौत



जानकारी दी।इसके बाद एसआई सुमेर सिंह नेतृत्व में अंतिम सलामी देने मृतक के पैतृक गांव पहुंचे।बताते दे दी मृतक बीएसएफ के जवान 27 नवंबर से 2024 से 25 जनवरी 2025 तक छुट्टी लेकर घर आया था छुट्टी के दौरान उनकी अचानक तबियत खराब होने पर 10 दिसम्बर से रांची रिम्स में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान 19 दिसंबर को उनको मौत हो गई।मृतक जवान के एक 5 साल का पुत्र है।ज्ञात हो कि 2010 से त्रिपुरा के अगतल्ला के अंबासा में पोस्टेड थे।वही बीएसएफ जवान के मौत के बाद पूरे गांवों में मातम पसरा हुआ है।गांव के सभी महिला बड़े बुर्जुग नम आंखों में अंतिम विदाई दी।

## बच्चों का सर्वोत्तम विकास कैसे हो इसके लिए हम सभी सदा प्रयासरत रहते हैं : प्राचार्या

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** स्थानीय वान उडेंन मूकबधिर विद्यालय में आज बाल कल्याण समिति और बाल संरक्षण इकाई के सहयोग से क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया।जहां दिव्यांग बच्चों के बीच खाद्य सामग्री वितरण किया।इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों के द्वारा कई सामाजिक कुरीतियों को लेकर नाट्य का मंचन किया गया।भाव विभोर करने वाला प्रभु यीशु का जन्म किस प्रकार से होता है। यह दिव्यांग बच्चों ने प्रस्तुत किया।बाल विवाह और बालिका शिक्षा को लेकर भी बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया।इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अब्दुस सुभान, सदस्य डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी, सुधा




कुमारी,जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी,रूबी कुमारी ने सभी बच्चों को क्रिसमस की बधाई दी और कहा कि इन बच्चों की शिक्षा,सुरक्षा और झारखंड सरकार की योजनाओं का लाभ हम सभी की जिम्मेदारी है।इन बच्चों का सर्वोत्तम विकास कैसे हो इसके लिए हम सभी सदा प्रयासरत रहते हैं। और रहेंगे।बच्चों ने मिलकर नृत्य और संगीत को प्रस्तुत किया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर अंकिता,प्रभात कुमार सिंह सहित सभी कर्मी उपस्थित थे।

### गोखलाबागी में हाथियों ने दो मवेशियों की ली जान

**लातेहारः** बारियातू थाना क्षेत्र के डाढ़ा पंचायत के गोखलाबागी ग्राम में जंगली हाथियों ने दो मवेशियों को मार दिया और एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया. जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर रात हनुमान चौक के पास किसान करम भगत के घर को हाथी ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया और एक बैल और एक अन्य मवेशी को कुचलकर व सूंड से पटककर मौत के घाट उतार दिया. इस घटना में करम को लगभग 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है.

घटना की सूचना पर मुखिया सुरेश उरांव, जिप सदस्य रमेश राम, युवा नेता लाल आशीष नाथ शाहदेव, पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशील बागे, फोरेस्टर मंगल सिंह सहित अन्य लोग गांव पहुंचे. पीड़ित किसान को हर सम्भव मदद दिलाने का अश्वासन दिया. ग्रामीणों का कहना है कि पिछले आठ वर्षों से इस क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक जारी है. हर साल किसानों को हाथियों के कारण भारी नुकसान झेलना पड़ता है.

## महान गणितज्ञ निवास रामानुजन की जयंती मनाई गई



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंजः** विद्या भारती विद्यालय,जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज के वंदना कक्ष में देश के महान गणितज्ञ निवास रामानुजन कि जयंती मनाई गई।सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य रामदेव राम,आचार्य बंधु भगिनी व कक्षा नायक ने श्री निवास रामानुजन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित किया।रामदेव राम ने बताया कि गणित में बहुत कम औपचारिक प्रशिक्षण होने के बावजूद श्रीनिवास रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया।रामानुजन ने अपने गणितीय विचारों को अलग-थलग करके विकसित किया।श्रीनिवास रामानुजन ने अनंत श्रेणी, गणितीय विश्लेषण, संख्या सिद्धांत और सतत भिन्नों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।आचार्य अजीत कुमार मालवीय ने बताया कि मद्रास विश्वविद्यालय₹रामानुजन इंस्टीट्यूट₹नामक संस्था चला रहा है।रामानुजन संबंधी साहित्य का संरक्षण और गणित शोध में यह संस्थान विश्व प्रसिद्ध है।आचार्य अजय कुमार साह ने बताया कि गणित के क्षेत्र में रामानुजन के महान योगदान को देखते हुए भारत सरकार ने 26 फरवरी 2012 को घोषणा की थी की 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया जाएगा।जयंती समारोह को कक्षा पंचम की बहन रानी,बहन दिव्या,भैया ऋषभ,कक्षा अष्टम के भैया

विशाल,बहन सृष्टि,कक्षा नवम की बहन अनुष्का,भैया अनिकेत ने संबोधित किया।जयंती समारोह का संचालन आचार्य अमित कुमार ने किया।जयंती समारोह में विद्यालय के आचार्य राघव वत्स,कल्याण भंडारी,श्यामा प्रसाद,सुनील कुमार पंडित,किरण कुमारी गुप्ता,अर्चना वर्मा,निर्मला कुमारी,लिपिका राज सिंह, सारिका कुमारी, दीप शिखा, टीनू पांडे, सोनी कुमारी, स्नेहा भारद्वाज, ऐनी मुर्मू, क्रिस्टीना मुर्मू व विद्यालय के सभी भैया, बहन उपस्थित थे।

## अपार्टमेंट में संदिग्ध अवस्था में मिली शिक्षिका की लाश

### सास ने जताई हत्या की आशंका

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**देवघर :** रिखिया थाना क्षेत्र के खपरोडीह गांव स्थित एक अपार्टमेंट में 32 वर्षीय एक महिला शिक्षिका का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है। शिक्षिका के सास ससुर बिहार के मुंगेर जिला से घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों में मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका का नाम रीता देवी है, जो मूल रूप से बिहार के मुंगेर जिला क्षेत्र के कल्याणपुर की रहनेवाली है। पांच वर्ष पूर्व से वह परिवार के साथ देवघर के खपरोडीह मुहल्ला स्थित एक किराये के मकान में रह रही थी। उसका पति मुंबई में ऑटो चलाता है।

रीता देवी अपने एक 12 वर्षीय बच्चे के साथ किराये के मकान में रह कर एक से पांच तक के बच्चों को ट्यूशन पढ़ाती थी। घरवालों की माने तो ट्यूशन पढ़ा कर व पति की कमाई से वह देवघर में जमीन खरीदने के लिए एक युवक से संपर्क की थी। उसने जमीन खरीदने के नाम पर युवक को सात लाख रुपये भी दिये थे। इसके बाद भी युवक उसे जमीन नहीं दे रहा था। इस बात से वह काफी परेशान थी। रोज-रोज पति व ससुराल वालों से इन पैसों के खातिर उसे ताना सुनना पड़ता था।

मृतका की सास किरण कुमारी के अनुसार बहू शनिवार को युवक के पास रुपये मांगने के लिए गयी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि युवक ने उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट कर दी। इसके बाद वह घर पहुंची, तो युवक अपने कई लोगों को साथ लेकर उसके कमरे में चला गया, जहां उससे मारपीट करने के बाद हत्या की नीयत से फंदे से लटका कर फरार हो गया।

## अफीम की खेती को लेकर एसपी की शख्त हिदायत कहा- ग्राम प्रधान और मुखिया दें पुलिस का साथ

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**खूंटीः** जिले में बढ़ती अफीम की खेती पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही है. साल दर साल अफीम की खेती का दायरा लगातार बढ़ने के बाद खूंटी पुलिस इस वर्ष सख्ती से कार्रवाई की तैयारी में है. शनिवार को एसपी अमन कुमार अड़की प्रखंड क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, मुखिया, पंचायत सेवक, चौकीदारों सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अफीम की खेती को नष्ट करने और अफीम उगाने वालों की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है. एसपी ने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि नशे के खिलाफ चल रही इस मुहिम के साथ रहें, अन्यथा पुलिस कार्रवाई करने को बाध्य होगी.

जिले की खूंटी, मुरहू, अड़की, सायको और मारंगहदा थाना क्षेत्र के लगभग सभी पंचायत के गांव, जंगल से लेकर नदियों के किनारे बड़े पैमाने पर अफीम की खेती लगाई गई है. स्पेशल ब्रांच की एक रिपोर्ट के अनुसार जिले में विगत वर्ष की तुलना इस वर्ष भी लगभग 10 हजार एकड़ से अधिक जमीन





पर अफीम की खेती लगाई गई है. अफीम की फसल लगाए जाने के बाद से चिन्हित स्थलों तक पुलिस पहुंचकर अफीम की फसलों को नष्ट करने का अभियान भी शुरू कर दिया है. अफीम विनष्टीकरण अभियान के दौरान पुलिस ने अभी तक लगभग 70 एकड़ से अधिक अफीम की खेतो को नष्ट किया है.

क्षेत्र में बड़े पैमाने पर लगी अफीम की फसलों को पूरी तरह नष्ट करना अकेले संभव नहीं है. इसलिए पुलिस ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ चौकीदारों से बैठक कर सूचना मुहैया कराने को कहा है. एसपी अमन कुमार ने बैठक में अफीम के दुष्प्रभाव सहित एनडीपीएस से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि अपने गांव समाज और परिजनों को बचाना है तो अफीम की खेती से दूर रहना होगा. अफीम की खेती जो ग्रामीण या किसान कर रहा है, उससे पूरा समाज बर्बाद हो जाएगा. एसपी ने सख्त लहजे में अपील की है कि अगर जनप्रतिनिधि अफीम को संरक्षण देते पाए गए तो उनके खिलाफ कार्रवाई तय है. वहीं एसपी अमन कुमार ने कहा कि अफीम की खेती नष्ट करते हुए जीआर के माध्यम से मामला दर्ज किया जाएगा. अफीम के कारोबार से जुड़े राज्य के 20 से ज्यादा और अंतर्राज्यीय 20 लोगों को चिन्हित किया जा चुका है. बहुत जल्द इनकी संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया भी शुरू होगी.

शनिवार को एसपी अमन कुमार ने अड़की में बैठक कर जनप्रतिनिधियों और चौकीदारों को निर्देश दिया है कि क्षेत्र में जल्द से जल्द अफीम की खेती को नष्ट करें. एसपी ने बैठक में बताया कि आगामी दिनों में अफीम पैदावार वाले भूमि की उर्वरता समाप्त होगी, पानी की किल्लत होगी और बच्चों से लेकर बड़ों तक के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और आने वाली पीढ़ियों पर अफीम के दुष्प्रभाव को रोकना मुश्किल होगा. एसपी ने इन मामलों को ग्राम सभा में उठाने और किसानों और अन्य शामिल लोगों पर कड़ा प्रहार करने के लिए इस सीजन में पूर्ण विनाश के लिए पुलिस के साथ सहयोग करने को कहा है.

### बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार, थानेदार सस्पेंड

**गोड्डा :** बाइक चोरी कर उसके पार्ट्स को अलग-अलग कर बिक्री करने के धंधे में शामिल दो गैरेज मिस्त्री समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. मामला गोड्डा जिले के बलबड्डा थाना क्षेत्र का है. बलबड्डा पुलिस को यह सूचना मिली कि चोरी की बाइक का पार्ट्स खोलकर उसे टेंपो से छगराहा रोड होते हुए महगामा मोहनपुर ले जाया जा रहा है. इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गझंडा फाटक के पास उक्त टेम्पो को रोका, तो उस पर चोरी की बाइक व बड़ी मात्रा में खुले पार्ट्स मिले. पुलिस की पूछताछ में टेंपो पर सवार व्यक्ति ने झूठ बोला कि गाड़ी की मरम्मत कराने ले जा रहे हैं. सख्ती बरतने पर सारा मामला खुलता चला गया. पुलिस ने इस मामले में गैरेज मिस्त्री दो भाइयों मो. जिब्राइल व मो. छोटू तथा अशोक शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. कांड के उद्भेदन में इंस्पेक्टर हरिकिशोर मंडल, एसआई शिव कुमार, मुक्तेश्वर राम व जवान शामिल थे.

# मलयालम फिल्म मारको ने भारतीय सिनेमा की सबसे हिंसक फिल्म के रूप में किया बॉक्स ऑफिस पर धमाका




जब से मलयालम फिल्म मारको का टीजर और ट्रेलर लॉन्च हुआ था, तभी से इसने दर्शकों के बीच एक जबरदस्त चर्चा और उत्सुकता पैदा कर दी। भारतीय सिनेमा में अब तक बनी सबसे हिंसक फिल्म के रूप में प्रचारित, टीजर ने ही फिल्म की इंटेंसिटी का स्वर तय कर दिया। इसमें बहुत ही देसी और रॉ एक्शन दशार्या गया है और स्टाइलिश फिल्म मेकिंग की वजह से इसका लुक काफी आकर्षक दिख रहा है।

रीजनल भाषा की सीमाओं को तोड़ते हुए, निमार्ताओं ने हिंदी में भी इसका टीजर जारी किया, जिसे सोशल मीडिया पर खूब देखा गया, प्रशंसा मिली औरसकारात्मक कमेंट्स भी मिले।

हनीफ अदेनी द्वारा निर्देशित और शरीफ मोहम्मद द्वारा क्यूब्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले निर्मित, मारको ने 20 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक दी है। पहले दिन, फिल्म ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 10.8 करोड़ की कमाई की, जो किसी मलयालम फिल्म के लिए सबसे ज्यादा ओपनिंग रिकॉर्ड में से एक है। इस रकम में भारत के बॉक्स ऑफिस पर मलयालम डेब्यू से 4.21 करोड़ शामिल हैं। यह फिल्म हिंदी दर्शकों के बीच अपनी बड़ी अपील को दशार्ते हुए अच्छा कारोबार कर रही है।

फिल्म समीक्षकों ने फिल्म की शानदार मेकिंग और उन्नी मुकुंदन की आकर्षक उपस्थिति की सराहना की है।

फिल्म की सफलता से उत्साहित निर्देशक हनीफ अदेनी ने कहा, 'मारको एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो मेरे दिल के बहुत करीब है। यह सिर्फ.हिंसा के बारे में नहीं है बल्कि यह स्टाइल, भावनाओं और किरदारों की गहराई के बारे में है। मैं दर्शकों को कहानी और अभिनय से जुड़ते हुए देखकर रोमांचित हूं। हिंदी रिलीज भी उतनी ही खास है, क्योंकि यह मलयालम सिनेमा को व्यापक दर्शकों तक ले जाने का हमारा प्रयास है।'

मारको, 2019 की फिल्म मिखाइल का स्पिन-ऑफ है, जिसमें उन्नी मुकुंदन, युक्ति थरेजा, सिद्दीकी, जगदीश, एंसन पॉल और राहुल देव जैसे कई बेहतरीन कलाकार हैं। रवि बसरूर द्वारा रचित संगीत, चंद्रू सेल्वराज द्वारा छायांकन और शमीर मोहम्मद द्वारा एडिटिंग के साथ फिल्म की तकनीकी प्रतिभा अद्वितीय है। फिल्म की हिंसा से भरी कथा, इसकी अनोखी शैली के साथ मिलकर, न केवल मलयालम इंडस्ट्री में बल्कि हिंदी सिनेमा बाजार में भी एक स्थायी छाप छोड़ने की उम्मीद है।

## फुल एंटरटेन फिल्म है 'मुफासा- द लायन किंग'

'मुफासा- द लायन किंग' एक म्यूजिकल ड्रामा है जिसे बैरी जेनकिंस ने डायरेक्ट किया है. फिल्म 20 दिसंबर को रिलीज होगी. इससे पहले, फिल्म कैसी है, ये आप जान लीजिए. इस फिल्म में भी 3 खान हैं और उन्होंने भी खूब कमाल किया है. ये हैं शाहरुख, आर्यन और अबराम और इंडिया में डिज्नी की इस फिल्म को देखने की बड़ी वजह यही है. ये फिल्म बच्चों को काफी कमाल की लगेगी और बड़ों को तो साथ जाना ही पड़ेगा लेकिन फिक्र मत कीजिए, बड़े भी फुल एंटरटेन होंगे.

कहानी– इस बार मुफासा के राजा बनने की कहानी दिखाई गई है, द लायन किंग के फर्स्ट पार्ट में मुफासा और उसके भाई स्कार की दुश्मनी दिखी थी. लेकिन इस बार कहानी पीछे जाती है, कैसे मुफासा बचपन में एक बाढ़ की वजह से परिवार से बिछड़कर शेरों के एक दूसरे झुंड में पहुंच जाता है, जहां उसे अपना ये मुंहबोला भाई मिलता है. फिर कैसे घुसपैठिए इनके परिवार को मारकर इनकी जान के पीछे पड़ जाते हैं, और भागकर एक सीक्रेट जगह पर पहुंचते हैं जिसके बारे में कोई नहीं जानता. कैसे दोनों भाई दुश्मन बनते हैं, यही कहानी इस बार दिखाई गई है.

इस फिल्म को दिलचस्प तरीके से बनाया गया है, विजुअल्स काफी अच्छे लगते हैं और वॉयस ओवर कमाल का है. इसे बिल्कुल देसी अंदाज दिया गया है, कुछ सीक्वेंस काफी कमाल के हैं, देखने में मजा आता है. बीच-बीच में कुछ सीन थोड़े लंबे और बोरिंग लगते हैं लेकिन उन्हें ज्यादा नहीं खींचा गया. फर्स्ट हाफ तो काफी कमाल है, सेकंड हाफ में शेरों का लव ट्राएंगल थोड़ा फनी लगता है. लेकिन आप हंसते-हंसते उसे झेल ही जाते हैं क्योंकि फिल्म बच्चों के लिए है.

एक्टिंग– इस फिल्म में कमाल की वॉयस एक्टिंग की गई है. मुफासा को आवाज शाहरुख खान ने दी है और उनकी आवाज ने ही उस शेर को रोमांटिक बना दिया है. जब वो बोलते हैं 'मैं हूं ना' तो दिमाग में शाहरुख और सुष्मिता सेन वाला सीन खुद चलने लगता है. मुफासा के बेटे सिम्बा को आवाज आर्यन खान ने दी है और उनकी आवाज सुनकर लगता है कि उन्होंने वॉयस एक्टिंग की प्रॉपर ट्रेनिंग ली है. उन्होंने अपना काम परफेक्शन से किया है.

## देसी अवतार में एक साथ आए नजर आमिर खान-नाना पाटेकर

नाना पाटेकर की 'वनवास' शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म में उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर भी हैं। चर्चा थी कि नाना पाटेकर अपने खास दोस्त अभिनेता आमिर खान के लिए इस फिल्म की स्क्रीनिंग रखेंगे। इसी बीच इन दोनों की एक वीडियो ने सबका ध्यान खींचा है।

नाना और आमिर ने हाल ही मुंबई के जुहू में एक पॉडकास्ट के लिए शूटिंग की। इस शूटिंग के दौरान का उनका वीडियो वायरल हो गया है। दोनों के पॉडकास्ट को लेकर फैंस में उत्सुकता देखने को मिल रही है। इस पॉडकास्ट में नाना पाटेकर और आमिर खान वनवास पर चर्चा करते नजर आएंगे।


नाना पाटेकर और आमिर खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पैपराजी की तरफ से इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो में दोनों किनारे बैठकर बातें करते नजर आ रहे हैं। कॉटन ड्रेस पहने नाना पाटेकर और आमिर खान, दोनों की सादगी की लोग तारीफ कर रहे हैं। एक अन्य वीडियो में नाना पाटेकर और आमिर खान एक-दूसरे का हाथ पकड़कर बातचीत करते नजर आ रहे हैं। 'वनवास' में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा, सिमरन कौर मुख्य भूमिका में हैं। सहायक कलाकारों में खुशबू सुंदर, सिमरत कौर, राजपाल यादव, अश्विनी कालसेकर, परितोष त्रिपाठी, मनीष वाधवा और राजेश शर्मा शामिल हैं। फिल्म का निर्देशन अनिल शर्मा और फिल्म का निर्माण सुमन शर्मा ने किया है।



## आखिरकार मलाइका अरोड़ा ने बताई ब्रेकअप की असली वजह

ग्लैमर की दुनिया में जितनी चर्चा फिल्मी सितारों की प्रोफेशनल लाइफ की होती है, उससे कहीं ज्यादा चर्चा उनकी पर्सनल लाइफ की होती है। लगभग हर सितारा डेटिंग और ब्रेकअप के कारण चर्चा में रहता है।

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर पिछले कुछ दिनों से अपने ब्रेकअप के कारण खबरों में बने हुए हैं। अरबाज खान से अलग होने के बाद मलाइका अरोड़ा करीब छह साल तक अर्जुन कपूर से डेट कर रही थीं। उम्र के फासले के कारण ट्रोल होने के बावजूद दोनों ने कभी एक-दूसरे का साथ नहीं छोड़ा। लेकिन किसी वजह से इस साल की शुरूआत में उनका ब्रेकअप हो गया। मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर के साथ अपने ब्रेकअप की घोषणा नहीं की लेकिन अर्जुन कपूर ने कहा वो सिंगल हैं। हालांकि, दोनों के ब्रेकअप की वजह साफ नहीं हो पाई। हाल ही में मलाइका



अरोड़ा ने एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने ब्रेकअप की वजह बताई है। मलाइका अरोड़ा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'प्रयास प्यार की जीवनधारा है। इसके बिना आग बुझ जाती है।'

एक्ट्रेस के साथ जुड़ा अर्जुन का नाममलाइका अरोड़ा से ब्रेकअप की खबरों के बीच अर्जुन कपूर का नाम एक्ट्रेस कुशा कपिला के साथ जुड़ा। इतना ही नहीं अर्जुन और मलाइका के ब्रेकअप की वजह भी कुशा को ही बताया गया था। अर्जुन और कुशा की डेटिंग की अफवाह थी। मलाइका से ब्रेकअप के बाद कुशा को अर्जुन कपूर के साथ करण जौहर की पार्टी में देखा गया था। इसलिए, उनकी डेटिंग की अफवाहें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। हालांकि, एक्ट्रेस ने इन अफवाहों को खारिज कर दिया और इसे बकवास बताया।

# साल 2024 में 10 फिल्में बनीं ब्लॉकबस्टर, बम्पर कमाई व दर्शकों की पसंदीदा

वर्ष 2024 भारतीय सिनेमा के लिए महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। 2024 में ऐसी कई फिल्में रहीं जिन्होंने 100 करोड़, 400 करोड़ के साथ 600 करोड़ और 1000 करोड़ की कमाई की। इन फिल्मों ने कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़े। कुछ फिल्मों ने जहां बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़े, वहीं दर्शकों के दिलों में भी खास जगह बनाई। इसमें बॉलीवुड समेत साउथ की कई फिल्में शामिल हैं।

**पुष्पा 2पुष्पा 2 :** इस लिस्ट में अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' पहले स्थान पर है। यह फिल्म 5 दिसंबर 2024 को भारत समेत दुनिया भर में रिलीज हुई थी। फिल्म ने रिलीज के पहले दिन ही बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड बनाए और कुछ रिकॉर्ड तोड़े भी। मेकर्स को उम्मीद थी कि फिल्म रिलीज से पहले ही करोड़ की कमाई कर लेगी। वो भविष्यवाणी सच हो गई है, फिल्म ने दुनियाभर में 1500 करोड़ से जयदा कमाई कर ली है। इसने भारत में 1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ फहद फासिल और रश्मिका मंदाना अहम भूमिकाओं में हैं।

**कल्कि 2898 एडी कल्कि 2898 एडी:** अमिताभ बच्चन, प्रभास और दीपिका पादुकोण जैसे दिग्गज कलाकारों से सजी 'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर करोड़ों की कमाई की। यह फिल्म 27 जून 2024 को भारत समेत दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म ने पहले दिन अपनी शानदार ओपनिंग के साथ कई फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए । फिल्म ने भारत में 767 करोड़ और दुनिया भर में 1043 करोड़ की कमाई की है। फिल्म ब्लॉकबस्टर हो गई।

**स्त्री 2स्त्री 2:** सूची में तीसरे स्थान पर हॉरर-कॉमेडी सीक्वल 'स्त्री 2' है, यह ब्लॉकबस्टर फिल्म है जिसने दुनिया भर में 874.58 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया है। भारत में 713 करोड़ रुपये और दुनिया भर के अन्य देशों में रिलीज होने के बाद 144 करोड़ रुपये का कलेक्शन करने वाली इस फिल्म ने कॉमेडी और हॉरर के शानदार मिश्रण से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस फिल्म में राजकुमार राव, श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी मुख्य भूमिका में थे।

**देवड़ा पार्ट 1देवारा पार्ट 1:** कोराताला शिवा द्वारा निर्देशित



फिल्म 'देवराः पार्ट 1' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। इस फिल्म ने भारत में 345 करोड़ और दुनिया भर में 422 करोड़ की कमाई की है। यह फिल्म पांच भाषाओं तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी में रिलीज हुई थी और इसे दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म में जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर अहम भूमिका में थे।

**भूल-भुलैया 3भूल-भुलैया 3:** दिवाली के दिन दर्शकों के सामने आई इस फिल्म ने जोरदार कमाई की है। कार्तिक आर्यन, तृप्ति डिम्परी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित जैसी दमदार स्टारकास्ट वाली 'भूल-भुलैया 3' को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी इस हॉरर कॉमेडी फिल्म ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। फिल्म ने भारत में 311 करोड़ और दुनिया भर में 389 करोड़ की कमाई की।

**गोटगोट:** एक्टर थलपति विजय की फिल्म 'बकरी' 5 सितंबर 2024 को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई। फिल्म को जबरदस्त ओपनिंग मिली थी। इस फिल्म ने भारत में 296 करोड़ और दुनिया भर में 457 करोड़ की कमाई की।

**सिंगम अगेनसिंगम अगेन मूवी:** रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स यह बिग बजट फिल्म 1 नवंबर 2024 यानी दिवाली के मौके पर रिलीज हुई थी। इसमें अजय देवगन, करीना कपूर खान, अर्जुन कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, जैकी श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म ने भारत में 297 करोड़ और दुनिया भर में 372 करोड़ की कमाई की।

**फाइटर फाइटर:** ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर स्टारर 'फाइटर' गुरुवार 25 जनवरी 2024 को रिलीज हो गई है। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है। फिल्म ने भारत में 254 करोड़ और दुनिया भर में 358 करोड़ की कमाई की है।

**अमरनअमरन:** 'अमरन' एक साउथ फिल्म है जो मेजर मुकुंद वरदराजन के जीवन पर आधारित है। फिल्म में मेजर मुकुंद (शिवकार्तिकेयन) और उनकी पत्नी इंदु रेबेका वर्गीस (साईं पल्लवी) की प्रेम कहानी दिखाई गई है। कश्मीर में एक आतंकी हमले में मेजर मुकुंद शहीद हो गए। इस फिल्म ने भारत में 253 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म ने दुनिया भर के अन्य देशों में 80 करोड़ की कमाई की। इस फिल्म ने कुल 333 करोड़ की कमाई की है।

**हनुमानहनुमान:** 12 जनवरी 2024 को रिलीज हुई साउथ की मूवी 'हनुमान' इस साल की ब्लॉकबस्टर मूवी बन गई। इस फिल्म का निर्देशन प्रशांत वर्मा ने किया है। इस फिल्म ने भारत में 238 करोड़ की कमाई की थी। दुनिया भर के अन्य देशों में इस फिल्म ने 57 करोड़ की कमाई की है। इस फिल्म ने कुल 295 करोड़ की कमाई की है। इस फिल्म के सीक्वल का नाम 'जय हनुमान' होगा और इसमें कंतारा फेम एक्टर ऋषभ शेट्टी हनुमान की भूमिका में नजर आएंगे।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : शेड्यूल जारी भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 23 फरवरी को

एजेंसी

**नई दिल्ली :** फैंस का इंतजार खत्म हुआ, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का संभावित शेड्यूल जारी हो गया है। क्रिकेट प्रेमियों के लिए सबसे बड़ा आकर्षण भारत और पाकिस्तान का मुकाबला होगा, जो लीग स्टेज में 23 फरवरी को खेला जाएगा। पाकिस्तान 2025 चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी करेगा, लेकिन भारत पाकिस्तान में खेलने के लिए नहीं जाएगा। भारतीय टीम के सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू पर खेले जाएंगे। सेमीफाइनल और फाइनल में पहुंचने पर भी भारत के मैच न्यूट्रल लोकेशन पर ही आयोजित होंगे। इसका मतलब है कि पाकिस्तान इस टूनार्मेंट के फाइनल की मेजबानी की पुष्टि नहीं कर सकता।

### भारत का शेड्यूल

भारतीय टीम अपने अभियान की शुरूआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ करेगी। इसके बाद 23 फरवरी को चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारत अपना आखिरी ग्रुप मैच 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगा।

### संभावित शेड्यूल

19 फरवरी: पाकिस्तान बनाम न्यूजीलैंड
20 फरवरी: भारत बनाम बांग्लादेश
21 फरवरी: अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका
22 फरवरी: ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड
23 फरवरी: भारत बनाम पाकिस्तान
2 मार्च: भारत बनाम न्यूजीलैंड
4 मार्च: पहला सेमीफाइनल
5 मार्च: दूसरा सेमीफाइनल
9 मार्च: फाइनल (रिजर्व डे: 10 मार्च)

2017 में पाकिस्तान ने विराट कोहली की कप्तानी वाली भारतीय टीम को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। भारत उस टूनार्मेंट में डिफेंडिंग चैंपियंस के रूप में खेल रहा था। 2017 के बाद आईसीसी ने इस टूनार्मेंट को बंद कर दिया था, लेकिन अब इसे 2025 में फिर से शुरू किया गया है। इस टूनार्मेंट में भारत और पाकिस्तान के मुकाबले के साथ-साथ अन्य टीमों के बीच भी कई रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे। सेमीफाइनल और फाइनल के लिए क्रिकेट प्रेमियों में खास उत्साह रहेगा।

# तीसरे वनडे में जिम्बाब्वे को हराकर अफगानिस्तान ने 2-0 से सीरीज पर किया कब्जा

एजेंसी

**हरारे ।** जिम्बाब्वे बनाम अफगानिस्तान के बीच तीसरे और आखिरी वनडे मुकाबले में अफगानिस्तान की टीम ने जिम्बाब्वे को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी. इसके साथ ही अफगानिस्तान की टीम ने 2-0 से सीरीज पर अपना कब्जा जमा लिया हैं. इससे पहले तीसरे वनडे मुकाबले में अफगानिस्तान के हशमतुल्लाह शाहिदी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. टॉस गवांने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम का आगाज



निराशाजनक रहा और महज 24 रन के स्कोर पर टीम के तीन बल्लेबाज पवेलियन लौट गए. जिम्बाब्वे की पूरी टीम 30.1 ओवरों में महज 127 रन बनाकर सिमट गई. जिम्बाब्वे की तरफ से स्टार बल्लेबाज शॉन विलियम्स ने सबसे ज्यादा 60 रनों की पारी खेली. शॉन विलियम्स ने महज 61 गेंदों पर तीन चौके और तीन छक्के लगाए. शॉन विलियम्स के अलावा सिकंदर रजा ने 13 रन बनाए. अफगानिस्तान की ओर से एएम गजनफर ने सबसे ज्यादा पांच विकेट अपने नाम किए. एएम गजनफर के अलावा राशिद खान ने तीन विकेट लिए. अफगानिस्तान की टीम को यह मुकाबला जीतने के लिए 50 ओवर में 128 रन बनाने थे.

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम का आगाज शानदार रहा और पहले विकेट के लिए दोनों सलामी बल्लेबाजों ने 84 रन बोर्ड पर जड़ दिए. अफगानिस्तान की टीम ने यह मुकाबला महज 26.5 ओवर में दो विकेट खोकर अपने नाम कर लिया. अफगानिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल ने सबसे ज्यादा 52 रनों की धमाकेदार पारी खेली. इस शानदार पारी के दौरान सेदिकुल्लाह अटल ने 50 गेंदों पर चार चौके और दो छक्के लगाए. सेदिकुल्लाह अटल के अलावा सलामी बल्लेबाज अब्दुल मलिक ने 29 रन बनाए. जिम्बाब्वे की ओर से रिचर्ड नगारवा और ट्रेवर ग्वांडू ने सबसे ज्यादा एक-एक विकेट अपने नाम किए.

### अटल सम्मान के साथ ऋषभ जैन ने रचा इतिहास, दुनिया के नक्शे पर चमका भारतीय हैंडलूम

# 'अटल सम्मान 2024' से सम्मानित हुए मीरजापुर के ऋषभ जैन

एजेंसी



**मीरजापुर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय में आयोजित 'अटल सम्मान समारोह 2024' में मीरजापुर के विक्रम कार्पेट्स के सीईओ और हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन (एचईडब्ल्यूए) के उपाध्यक्ष ऋषभ जैन ने अपने अद्वितीय योगदान के लिए चर्चाएं बटोरीं। इस समारोह में उन्होंने भारत के हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट क्षेत्र में नई दिशा और संभावनाओं को उजागर किया। इस ऐतिहासिक आयोजन में समाजसेवा, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, और सांस्कृतिक विकास में योगदान देने वाले देश के कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।मीरजापुर के विक्रम कार्पेट्स के सीईओ और हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन (एचईडब्ल्यूए) के उपाध्यक्ष ऋषभ जैन को इस समारोह में उनके सामाजिक और व्यावसायिक योगदान के लिए 'अटल सम्मान 2024' से अलंकृत किया गया। ऋषभ जैन ने हिन्दुस्थान समाचार से खास बातचीत में कहा कि यह सम्मान सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि हमारी एसोसिएशन के हर सदस्य की मेहनत का परिणाम है। हम सब 'विकसित भारत 2047' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

ऋषभ जैन ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा कि हमारी एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य सिर्फ व्यापार बढ़ाना नहीं, बल्कि समाज की बेहतरी के लिए काम करना है। हम भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं, ताकि वे अपने घर की आर्थिक स्थिति में सुधार कर सकें।

महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर जोर ऋषभ जैन ने अपनी एसोसिएशन में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को लेकर गर्व महसूस करते हुए बताया कि उनकी एसोसिएशन में 33 प्रतिशत महिला उद्यमी जुड़ी हैं, जो भारतीय हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्र में अपनी कड़ी मेहनत और नवाचार से नया आयाम जोड़ रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिला सशक्तिकरण सिर्फ एक सामाजिक आवश्यकता नहीं, बल्कि आर्थिक विकास की कुंजी भी है।

'घर-घर एक्सपोर्ट' का लक्ष्य ऋषभ जैन का मानना है कि 'घर-घर एक्सपोर्ट' उनके एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य है। वे न केवल घरेलू बाजार (B2C) और व्यावसायिक बाजार (B2B) को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि गांव-गांव में बनी कारीगरी को वैश्विक पहचान दिलाने का भी कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर 140 करोड़ भारतीय अपने देश का सामान खरीदें तो भारत को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में कोई रुकावट नहीं आएगी।

समाज को एकजुट करने की पहल ऋषभ जैन का मानना है कि हम सब मिलकर ही भारत को 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार कर सकते हैं। उन्होंने अपनी एसोसिएशन के सभी सदस्य और उद्यमियों को एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि हम सब एक टीम की तरह काम कर रहे हैं और यह कदम छोटे स्तर पर ही सही, लेकिन एक बड़ा बदलाव लाएगा। ऋषभ जैन का यह योगदान न केवल हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्र में, बल्कि महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें समाज के लिए एक प्रेरणा बना दिया है। उनका मानना है कि यदि सही दिशा में काम किया जाए तो भारत को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनने से कोई नहीं रोक सकता। समारोह की महत्ता 'अटल सम्मान 2024' न केवल एक पुरस्कार है, बल्कि यह अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व, उनके योगदान और भारत निर्माण के प्रति उनकी दूरदर्शी सोच का प्रतीक भी है। यह आयोजन समाज के उन नायकों को प्रोत्साहित करने का मंच है, जिन्होंने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करके समाज और देश के विकास में योगदान दिया है। इस समारोह ने देशभर में उद्यमियों और सामाजिक कार्यकताओं को नई ऊर्जा और प्रेरणा दी है। ऋषभ जैन जैसे व्यक्तित्वों का सम्मान यह दशार्ता है कि भारत में प्रतिभा और प्रयास को सदा सराहा जाता रहेगा।

## कोलकाता : भीषण आग में करीब 50 झोपड़ियां खाक, आग पर काबू

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के न्यू अलीपुर ब्रिज के पास स्थित बस्ती में शनिवार रात भीषण आग लग गई। यह इलाका बीपी पोद्दार अस्पताल के पास है। आग की चपेट में आकर लगभग 40-50 झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं। दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

दमकल विभाग की 16 गाड़ियां आग बुझाने के प्रयास में लगभग सारी रात जुटी रही। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई थी। आग पर काबू पाने के लिए न्यू अलीपुर आर्मी कैंप से सेना के जवानों ने भी दमकल कर्मियों के साथ मिलकर काम किया। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि आग लगने के दौरान गैस सिलेंडर फटने की आवाजें भी सुनी गईं। मौके पर पहुंचे मंत्री अरूप विश्वास और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम ने कहा कि किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

घटना के कारण दुगार्पुर ब्रिज को यातायात के लिए बंद कर दिया गया और सियालदह-बज बज रेल लाइन पर भी ट्रेन संचालन को एहतियातन रोक दिया गया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सुभंकर सरकार ने घटनास्थल का दौरा किया और स्लम इलाकों में आग लगने की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार सुबह तोपसिया बस्ती में भी आग लगने की घटना हुई थी, जिसमें करीब 200 झोपड़ियां जलकर राख हो गई थीं।

## मणिपुर में 21,600 एसपी कैप्सूल के साथ दो गिरफ्तार

एजेंसी

**गुवाहाटी।** मणिपुर पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर 21,600 संदिग्ध एसपी कैप्सूल के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई सेनापति जिले के हेंगबुंग गांव के पास हुई, जहां एक चार पहिया वाहन को रोककर तलाशी ली गई। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मोहम्मद अकबर खान (37) और मोहम्मद अब्दुल रहमान (36) के रूप में हुई है।

पुलिस ने वाहन से 30 बॉक्स में रखे 21,600 संदिग्ध एसपी (सेम्पैक्स +) कैप्सूल बरामद किए। इसके साथ ही चार मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड, एक पैन कार्ड, और 7,360 रुपये नकद भी जब्त किए गए। यह दवाएं ड्रग्स के रूप में इस्तेमाल होने का शक है। फिलहाल, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




### मणिपुर पुलिस ने प्रीपाक-प्रो कैडर को किया गिरफ्तार

**काकचिंग (मणिपुर)।** मणिपुर पुलिस ने काकचिंग जिले के हियांगलाम अवांग लेइकाई निवासी सलाम धननजय सिंह उर्फ मुबा (49) को गिरफ्तार किया। वह प्रीपाक-प्रो संगठन से जुड़ा हुआ था और काकचिंग, थौबल, इम्फाल पश्चिम और इम्फाल पूर्व क्षेत्रों में आम जनता से जबरन उगाही में शामिल था।

पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए। मामले में आगे की जांच जारी है।

## मध्य प्रदेश में मौसम बदलेगा करवट, 23 दिसंबर से ठंड के बीच बारिश का अलर्ट

एजेंसी



**भोपाल ।** मध्य प्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट बदलेगा। कल यानि 23 दिसम्?बर से ठंड के बीच बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि भोपाल, इंदौर और जबलपुर संभाग में हल्?की बारिश हो सकती है। वहीं, उज्जैन और ग्वालियर संभाग में भी पानी गिरेगा। बारिश के चलते तापमान में इजाफा होगा। ऐसा वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) के एक्टिव होने से होगा।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, 23 दिसंबर से बारिश का दौर रहेगा। पूर्वी और पश्चिमी दोनों ही हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश होगी। इस वजह से दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी और हो जाएगी, लेकिन सिस्टम के गुजरने के बाद सर्दी फिर से तेज हो जाएगी। प्रदेश में रविवार सुबह ग्वालियर, जबलपुर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, कटनी, सागर, दमोह, सीधी और सिंगरौली में कोहरा छाया रहा। भोपाल में धुंध देखने को मिल रही है।

**इन जिलो में बारिश के आसार**

23 दिसंबर को भिंड, दतिया, शिवपुरी, अशोकनगर, विदिशा, सीहोर, रायसेन, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, खंडवा, बुरहानपुर, अलीराजपुर, सागर, नरसिंहपुर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में कहीं-कहीं बारिश हो सकती है। 24 दिसंबर ग्वालियर, जबलपुर, भिंड, श्योपुर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, राजगढ़, सीहोर, देवास, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, सागर, छतरपुर, दमोह, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, पन्ना, कटनी, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, मैहर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में भी हल्की बारिश होने का अनुमान। 25 दिसंबर को इंदौर, उज्जैन, डिंडौरी, मंडला, सिवनी, छिंदवाड़ा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, शाजापुर, आगर-मालवा, देवास, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, धार, झाबुआ, रतलाम, मंदसौर जिले में बूंदाबांदी हो सकती है।

इधर, रात के पारे में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिससे कई शहरों में तापमान 10 डिग्री से ज्यादा ही है। हालांकि, इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारा सबसे कम है। शुक्रवार-शनिवार की रात में यहां तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नौगांव में 6 डिग्री, खजुराहो में 6.2 डिग्री, टीकमगढ़ में 6.8 डिग्री, राजगढ़ में 8.2 डिग्री और रायसेन में पारा 9 डिग्री रहा। बड़े शहरों की बात करें तो इंदौर में पारा 13.6 डिग्री पहुंच गया। उज्जैन में 12.7 डिग्री, जबलपुर में 11.6 डिग्री, भोपाल में 10.4 डिग्री और ग्वालियर में 8 डिग्री रहा। शनिवार को दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली।

## बिश्नुपुर में भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार जब्त

**बिश्नुपुर (मणिपुर)।** मणिपुर के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान और क्षेत्रीय प्रभुत्व की कार्रवाई की गई। इस दौरान बिश्नुपुर जिले के मिंजांग गांव और वथलांबी क्षेत्र के बीच डांपी पहाड़ी रेंज से बड़ी मात्रा में विस्फोटक और हथियार बरामद किए गए। सुरक्षा बलों ने तलाशी के दौरान भारी मात्रा में हथियार जब्त किए। जिनमें, एक 51 मोर्टार, एक 7.62 एसएलआर राइफल मैगजीन के साथ, दो संशोधित स्नाइपर 7.62 राइफलें खाली मैगजीन के साथ, एक संशोधित ग्रेनेड लॉन्चर, दो सिंगल बैरल गन, चार आईईडी (लगभग 7 किलोग्राम वजन), तीन 36 हैंड ग्रेनेड बिना डेटोनेटर के, एक मिसफायर 51 मोर्टार बम, एक बैटरी, लगभग 10 मीटर लंबी लचीली तार, दो जिंदा 7.62 एम्यूनिशन के राउंड, दो जिंदा राउंड सिंगल बैरल गन के, दो 51 मोर्टार फायर किए गए केस, नौ एंटी-रायट शेल, पांच खाली .303 राइफल के केसेस, पांच खाली 7.62 एमएम के केसेस, एक वायरलेस हैंडहेल्ड सेट (बाओफेंग), एक बुलेटप्रूफ जैकेट, एक कैमफ्लाज जंगली बूट, एक गम बूट और दो बीपी आयरन प्लेट शामिल हैं। यह अभियान सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों और अवैध गतिविधियों के खिलाफ की गई कार्रवाई के तहत चलाया गया।

### हाजो में लगी आग में 2 लाख से अधिक की संपत्ति का नुकसान

**कामरूप (असम)।** शनिवार रात कामरूप जिले के बामुंडी बांधवी पारा में दो व्यक्तियों, बलेन कलिता और नब कलिता के घरों में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने पर स्थानीय निवासियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन एक घर पूरी तरह जलकर राख हो गया। पुलिस अधिकारी नबाजित डेका के नेतृत्व में शुवालकुची थाना की एक टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में कामयाब रही। आग से दो लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। प्रभावित परिवार ने बताया कि उन्हें आग लगने के कारणों के बारे में पता नहीं है।

### देवरहा बाबा के मचान के पास 18 वर्ष से लगातार जल रही श्री राम अखंड ज्योति

**प्रयागराज।** संगम की रेती पर परम सिद्धयोगी देवरहा बाबा का मचान के पास लगातार 18 वर्ष से राम नाम की अखंड ज्योति जल रही है। यह जानकारी रविवार को देवरहा बाबा आश्रम के श्री महन्त रामदास महाराज ने दी। उन्होंने बताया कि इसकी देखभाल आश्रम के माध्यम से की जा रही है। आज भी परम सिद्धयोगी संत देवरहा बाबा के प्रति भक्तों का अटूट लगाव है। उनके नाम का उच्चारण होते ही अपने आप भक्ति की भावना जागृत हो जाती है। महाकुंभ पर्व 2025 के श्रीगणेश होने से पहले मेला क्षेत्र के साथ वहां संचालित हो रहे भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते हैं। मेला क्षेत्र में काम करने वाले मजदूर एवं अन्य लोग प्रसाद ले रहे हैं। अखाड़ों के साथ साधु संतों के तंबू भी मेला क्षेत्र में तन गए हैं। संगम तट पर देवरहा बाबा तपोस्थली पर श्रीराम नाम की ज्?योति कई वर्षों से जल रही हैं।

## महाकुम्भ के लिए बटरफ्लाई लाइटिंग से सजाया जायेगा लखनऊ से प्रयागराज मार्ग

**लखनऊ।** लखनऊ मण्डल की मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने कहा कि लखनऊ – प्रयागराज मार्ग को महाकुम्भ के लिए बटरफ्लाई लाइटिंग से सजायेंगे। 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित महाकुम्भ में लखनऊ जाने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों और खास मेहमानों को मुख्य मार्गो व चौराहों पर अद्भुत एवं मनोहारी लाइटों की सजावट देखने को मिलेगी।डॉ रोशन जैकब ने मीडिया से बातचीत में कहा कि महाकुम्भ को लेकर लखनऊ मण्डल में हर व्यवस्था को दुरूस्त किया जा रहा है। बाहर से आने वाले मेहमानों को सुंदर सजावट के साथ में उत्तम खाद्य पदार्थ, उत्तम रिसार्ट होटल एवं बेहतरीन सड़कें उपलब्ध कराया जायेगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किये जा रहे है। पुलिस प्रशासन एवं यातायात व्यवस्था प्रशासन की मदद से सुरक्षा व यातायात को सुव्यवस्थित किया जायेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि मीडिया के सहयोग से भी व्यवस्था संबंधित जो जानकारी मिलेगी, उसे तत्काल ही कराया जायेगा। महाकुम्भ की सफल आयोजन के लिए शासन स्तर से मिलने वाले सभी गाइडलाइन का पालन होता हुआ दिखेगा। किसी प्रकार की अव्यवस्था से होने से पहले उसे दुरूस्त करने का इंतजाम किया जायेगा। इस बार के महाकुम्भ को श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए यादगार बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ने आने वाले एकेडमिक ईयर के लिए एमबीए और पीएचडी कार्यक्रमों में की प्रवेश की घोषणा

**रांची** : भारत के प्रमुख इंस्टीट्यूशन में से एक थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (TIET) ने अपने बिजनेस स्कूल, एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (LMTSM) में एमबीए और पीएचडी कार्यक्रमों के लिए प्रवेश की घोषणा की है। ळकष्ठ अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता, रिसर्च में योगदान और इंडस्ट्री से मजबूत जुड़ाव के लिए प्रसिद्ध है। यह संस्थान विभिन्न क्षेत्रों में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है।ळकष्ठ का हिस्सा होने के नाते, एलएम थापर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एकेडमिक एक्सीलेंस और इनोवेटिव रिसर्च के लिए प्रतिबद्ध है। इसके एमबीए और पीएचडी कार्यक्रम छात्रों को ज्ञान, कौशल और अवसरों से लैस करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किए गए हैं ताकि वे आज के कॉम्पटेटिव ग्लोबल एनवायरमेंट में सफल हो सकें। यह स्कूल भविष्य के नेताओं को तैयार करने की अपनी परंपरा को कायम रखे हुए है, जो अलग अलग इंडस्ट्री और कम्युनिटीज पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं।एमबीए कार्यक्रम में किसी भी विषय में स्नातक या स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जिनके पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% कुल अंक या समकक्ष सीजीपीए हो। पीएचडी कार्यक्रम के लिए, पोस्टग्रेजुएट डिग्री या समकक्ष योग्यता वाले उम्मीदवार जिनके पास 10-बिंदु पैमाने पर न्यूनतम 6.00 सीजीपीए या 55% कुल अंक हैं, आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया में शैक्षणिक योग्यता, स्टैंडर्टाइज टेस्ट के स्कोर, इंटरव्यू और रिलेवेंट वर्क एक्सपीरियंस का मूल्यांकन शामिल है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट https://lmtsm.thapar.edu के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### आईकिया द्वारा स्टोव क्राफ्ट लिमिटेड को वैश्विक आपूर्ति भागीदार के रूप में चुना गया

**रांची** : किचन और होम एप्लायंसेज तथा कुकवेयर के क्षेत्र में एक प्रमुख नाम स्टोव क्राफ्ट लिमिटेड को विश्व प्रसिद्ध रिटेल जायंट आईकिया द्वारा वैश्विक आपूर्ति भागीदार के रूप में चुना गया है। इस साझेदारी के तहत, स्टोवक्राफ्ट 2026 से आईकिया के वैश्विक स्टोर नेटवर्क के माध्यम से बेचे जाने वाले कुकवेयर उत्पादों की एक विशेष श्रृंखला विकसित करेगा। स्टोवक्राफ्ट इस आपूर्ति साझेदारी के लिए अपने हरोहल्ली परिसर में 180,000 वर्ग फुट में एक अत्याधुनिक निर्माण सुविधा स्थापित कर रहा है। यह सुविधा आईकिया के वैश्विक मानकों को पूरा करेगी, जिसमें श्रेष्ठ निर्माण प्रक्रियाओं और उन्नत सप्लाई चेन प्रक्रियाओं को एकीकृत किया जाएगा। इस वैश्विक साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए, स्टोवक्राफ्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेंद्र गांधी ने कहा, 'आईकिया के साथ यह साझेदारी स्टोवक्राफ्ट की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो हमारे वैश्विक विस्तार और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी स्थिति को मजबूत करने के हमारे रणनीतिक उद्देश्य के साथ मेल खाता है। 'कंपनी, जो अपनी मजबूत बाजार उपस्थिति और निरंतर नवाचार पर ध्यान देने के साथ ही घरेलू और वैश्विक स्तर पर किचन एप्लायंसेज और कुकवेयर श्रेणियों में लगातार नए मानक स्थापित किए हैं। घरेलू बाजार में, यह अपने उत्पादों को प्रसिद्ध पिजन ब्रांड के तहत बेचती है, जो आज भारतीय रसोई में एक घरेलू नाम बन चुका है और यह देशभर के 1,25,000 से अधिक खुदरा स्टोर, 200 विशेष आउटलेट्स और सभी प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर उपलब्ध है। हाल ही में इसने कास्ट आयरन कुकवेयर की एक नई श्रृंखला लॉन्च की है, जो स्वास्थ्य के प्रति जागरूक गृहिणियों और खाना बनाने के शौकीनों में जल्दी ही एक पसंदीदा बन गया है। इसके अतिरिक्त, स्टोवक्राफ्ट के पास आने वाले समय में लॉन्च करने लायक एक श्रृंखला है, जिसमें पंखे, व्यक्तिगत सौंदर्य उत्पाद, वेलनेस समाधान और कार केयर आइटम शामिल हैं, जो विभिन्न ग्राहक वर्गों को ध्यान में रखते हुए पेश की जाएंगी।

### रियलमी ने रियलमी 14एक्स 5जी पेश किया, जो है 14,999 रुपये के शुरूआती मूल्य में 6000एमएएच बैटरी के साथ सेगमेंट का पहला आईपी69 स्मार्टफोन

**रांची** : भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज रियलमी 14एक्स 5जी पेश किया। यह इसके स्मार्टफोन पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक स्मार्टफोन है। रियलमी 14एक्स 5जी में सेगमेंट का पहला आईपी69 डस्ट एवं वॉटर रजिस्टैंस और मिलिटरी-ग्रेड शॉक रजिस्टैंस दिया गया है, जो 6000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी और 45 वॉट की चार्जिंग के साथ आता है। इसमें सोनिकवेव वॉटर इजेक्शन और रेनवॉटर स्मार्ट टच जैसी विशेषताएं दी गई हैं। रियलमी ने इस स्मार्टफोन के साथ किफायती मूल्यों में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया है। रियलमी 14एक्स 5जी के लॉन्च के साथ यह ब्रांड मिड रेंज स्मार्टफोन सेगमेंट में मुमकिन का दायरा बढ़ा रहा है। रियलमी प्रवक्ता ने कहा, 'हम रियलमी 14एक्स 5जी लॉन्च करके उत्साहित हैं। यह किफायती मूल्य में मजबूती के पारंपरिक मानकों से बेहतर स्मार्टफोन पेश करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उद्योग की अग्रणी आईपी69 रेटिंग 15,000 रुपये के मूल्य वर्ग में पेश करके हम शक्तिशाली बैटरी और अनेक इनोवेटिव फीचर्स लेकर आए हैं, जो रियलमी 14एक्स 5जी में यूजर्स के लिए अतुलनीय अनुभव सुनिश्चित करते हैं। यह उन्हें एक बहुत टिकाऊ और भरोसेमंद स्मार्टफोन प्रदान करेगा। इसका डायमेंसिटी 6300 प्रोसेसर शक्तिशाली परफॉर्मेंस और सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करता है, जिसकी मदद से रियलमी 14एक्स 5जी उत्पादकता और मनोरंजन की भिन्न-भिन्न जरूरतों को आसानी से पूरा कर सकता है। हमें विश्वास है कि हमारे पोर्टफोलियो का यह नया स्मार्टफोन युवाओं को बहुत पसंद आएगा और वो सभी दायरों को पीछे छोड़कर दुनिया की खोज करने में समर्थ बनेंगे।''

### होंडा ने लॉन्च की नई 2025 एक्टिवा 125 स्कूटर एक्टिवा

**रांची ।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने अपनी नई एक्टिवा 125 का ओबीडी2बी-अनुपालक वर्जन ( निर्धारित मानकों कें अनुरूप) लॉन्च कर दिया है। यह मॉडल नए रंगों और कई एडवांस फीचर्स के साथ आता है। इसकी शुरूआती कीमत रुपये 94,422 (एक्स-शोरूम दिल्ली) रखी गई है। इस लॉन्च के दौरान, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के एमडी, प्रेसिडेंट और सीईओ श्री सुतसुमु ओटानी ने कहा, 'नई ओबीडी2बी-अनुपालक एक्टिवा 125 पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस अपडेटेड मॉडल के जरिए हम ग्राहकों की जरूरतों और संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए 125सीसी सेगमेंट में इनोवेशन का नया मानक स्थापित कर रहे हैं। इसमें दिए गए टीएफटी डिस्प्ले और होंडा रोडसिंक ऐप के जरिए ब्लूटूथ कनेक्टिविटी जैसे फीचर्स ग्राहकों को राइडिंग का एक अलग और बेहतर अनुभव देंगे। हमें पूरा भरोसा है कि यह मॉडल अपने सेगमेंट में नई ऊंचाइयां तय करेगा। होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया के सेल्स एवं मार्केटिंग डायरेक्टर योगेश माथुर ने कहा, एक्टिवा 125 हमेशा से ग्राहकों की पसंदीदा रही है, और इसका नया वर्जन इसे और भी बेहतर बना रहा है। ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, नेविगेशन और यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट जैसे स?मार्ट फीचर्स के साथ यह आज के आधुनिक राइडर्स की जरूरतों को पूरा करता है। नई एक्टिवा 125 में जोड़े गए नए और चमकीले रंगों और आधुनिक तकनीक के चलते, यह अपने सेगमेंट में ग्राहकों को आकर्षित करने और बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### पुलिस का 5 घंटे चला धरपकड़ अभियान, 61 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** जनपद पुलिस ने शनिवार की रात्रि में पांच घंटे अभियान चलाकर 61 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त विभिन्न मुकदमों में वांछित अभियुक्त है जो फरार चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा वारंटियों एनबीडब्लू व एसआर केसो में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध शनिवार की रात्रि को 12.00 बजे से सुबह 05.00 बजे तक अभियान चलाया। इस अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा कुल 61 जिसमें 59 एनबीडब्ल्यू व 2 एसआर वारंटी वाँछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनमे थाना उत्तर ने 3, थाना दक्षिण ने 3, थाना रामगढ़ ने 2, थाना रसूलपुर ने 6, थाना टूण्डला ने 8, थाना पचोखरा ने 6, थाना रजावली ने 2, थाना नारखी ने 4, थाना नगला सिंघी ने 6, थाना नसीरपुर ने 2, थाना शिकोहाबाद ने 4, थाना मक्खनपुर ने 3, थाना खैरगढ़ ने 3, थाना जसराना ने 5, थाना फरिहा ने 1, थाना एका ने 3, थाना लाइनपार ने 1, थाना बसई मौहम्मदपुर ने 1 व थाना मटसेना ने 1अभियुक्त को पकड़ा है।

इस प्रकार जनपदीय पुलिस टीम द्वारा मात्र 5 घण्टे में 59 एनबीडब्लू वारंटियों तथा 2 एसआर केसों में वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 61 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिक के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में दो लोगों को सुनाई आजीवन कारावास

**सिमडेगा :** जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-सह-विशेष न्यायाधीश पोक्सो नरंजन सिंह की अदालत ने पोक्सो एक्ट के दो आरोपियों को आजीवन कारावास और 50-50 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनाई। बताया गया कि कुरडेग निवासी मेराज अंसारी उर्फ सोनु खान और अकीब अंसारी के खिलाफ कुरडेग थाना में वर्ष 2020 में काण्ड संख्या-28/2020, धारा-376(डी0ए0), 506, 363, 34 भा0द0वि0 एवं 4/6/8 पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दर्ज प्राथमिकी के बाद इस मामले की सुनवाई करते हुए एडीजे की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई। मामले में अभियोजन पक्ष से सहायक लोक अभियोजक अमर कुमार चौधरी के द्वारा पैरवी की गयी।

### प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागी रांची रवाना



**लोहरदगा।** राज्य स्तरीय युवा महोत्सव 2024-25 में लोहरदगा जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज रांची जिला रवाना हुए। प्रतियोगिता में लोहरदगा जिला से सामूहिक लोकगीत में 10 प्रतिभागी , एकल लोकगीत में 1 प्रतिभागी, भाषण में 1 प्रतिभागी, कविता लेखन में 1 प्रतिभागी राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के बाद राष्ट्रीय स्तरीय युवा महोत्सव नई दिल्ली में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना होते समय आज मौके पर जिला खेल पदाधिकारी उपवन बड़ा व प्रतिभागी मौजूद थे।

### चान्हो में चार दिन से लापता छात्र का शव कुएं से बरामद, परिजनों में आक्रोश

**चान्हो :** चार दिन से लापता 17 वर्षीय छात्र मो. रिजवान उर्फ पप्पू का शव शनिवार शाम चटवल गांव के पास एक कुएं से बरामद किया गया। मृतक मांडर स्थित संत अन्ना इंटर कॉलेज में 12वीं का छात्र था। शव मिलने के बाद आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने चान्हो थाना के सामने रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ को जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। हालांकि, थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने लोगों को समझा-बुझाकर 10 मिनट के भीतर जाम हटवा दिया।

मो. रिजवान, जो राजीवनगर निवासी व्यवसायी मुंतजिर आलम का सबसे छोटा बेटा था, 18 दिसंबर की शाम चान्हो चौक जाने की बात कहकर घर से निकला था और फिर वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन चार दिन बाद भी पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी। शनिवार को रिजवान की खोजबीन के लिए पुलिस ने खोजी कुत्ता बुलाया और उसके कॉल डिटेल्स के आधार पर कई लोगों से पूछताछ की। थाना प्रभारी ने रिजवान के बारे में सूचना देने वाले को 10,000 रुपये इनाम देने की भी घोषणा की थी। शनिवार देर शाम चटवल गांव के एक किसान ने पटवन के लिए पानी लेने कुएं पर जाने के दौरान पानी में तैरता हुआ शव देखा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

रिजवान की गुमशुदगी और पुलिस की असफलता को लेकर शनिवार को चान्हो चौक के दुकानदारों ने पूरे दिन अपनी दुकानें बंद रखीं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। मामले की जांच जारी है।

### स्वास्थ्य विभाग की आयोजित बैठक संपन्न

दुमका : समाहरणालय के सभागार कक्ष में शनिवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न टीकाकरण अभियान सहित अन्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निदेश दिया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह ने बताया कि पीसी पीएनडीटी एक्ट के तहत जिले में कुल 14 अल्ट्रासाउंड केंद्र पंजीकृत हैं।वर्तमान में 12 अल्ट्रासाउंड केंद्र कार्यरत हैं।उन्होंने बताया कि 3 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं।जिनमें 1 आवेदन को निर्धारित मापदंड का पालन नहीं करने के लिए अस्वीकृत कर दिया गया है।वहीं 2 आवेदन जो सिदो कान्हू मेडिकल हॉस्पिटल रानेश्वर तथा होप हॉस्पिटल दुमका का प्राप्त हुआ है।स्थल निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ये दोनों हॉस्पिटल निर्धारित सभी मापदंडों का पालन कर रहे हैं। बैठक में उपायुक्त ने निदेश दिया कि एएनसी,गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग की जाय।सीवर एनीमिया के जांच बेहतर ढंग से हो ऐसे मरीजों को चिन्हित करने का कार्य किया जाय।उन्होंने कहा कि संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने हेतु व्यापक प्रचार प्रसार की जाय।कालाजार एवं टीवी मरीजों पर विशेष निगरानी रखी जाए,समय समय पर जरूरी जांच की जाय। उपायुक्त ने कहा कि छोटी छोटी समस्याओं के लिए मरीजों को परेशान नहीं होना पड़े इसे सुनिश्चित करें।आदिवासी बहुल सुदूरवर्ती वर्ती क्षेत्र के लोगों पर विशेष ध्यान रखी जाए।उनके स्वास्थ्य की जांच कर जरूरी दवाइयां उन्हें उपलब्ध कराई जाए।निदेश दिया कि गोपीकांदर तथा काठीकुंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में जनता दरबार का आयोजन कर मेडिकल कैम्प जनवरी-2025 में लगाया जाएगा।इस हेतु उन्होंने स्थल का चयन करने का निर्देश दिया है।

### गोमिया प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

**गोमिया :** गोमिया प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार में पंचायत समिति की कार्यकारिणी बैठक प्रखण्ड प्रमुख प्रमिला चौड़े की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में खास तौर से बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ आफताब आलम,उपप्रमुख अनिल कुमार महतो, मुखिया तेजलाल महतो, मुखिया रामवृक्ष मुर्मू, मुखिया सोनाराम मुर्मू सहित प्रखण्ड के पंचायत समिति सदस्य मौजुद थे। इस बैठक में विभिन्न विकास योजनाओं के कार्यों से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। मनरेगा, अबुआ आवास, पेयजल एवं स्वच्छता,पशुपालन,बाल विकास परियोजना, शिक्षा,विद्युत आपूर्ति,कृषि विभाग समेत अन्य विभागों के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट और समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान कई पंसस ने अपने-अपने क्षेत्रो में व्याप्त समस्याओं को रखा। इस पर बीडीओ महादेव कुमार महतो ने समस्याओं के समाधान की दिशा में संबंधित पदाधिकारीयों को कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इस बैठक में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुरेश कुमार, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजकिशोर मिश्रा,एमओ विजेंद्र कुमार,बीपीआरओ गजेंद्र प्रसाद वर्मा, बीपीओ मनोहर दास, कनीय अभियंता रोहित मंडल, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बलराम मुखी, सहायक अभियंता अरविंद कृष्ण, प्रखंड कर्मी संतोष पंडित समेत अन्य उपस्थित थे।

# अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में योजनाओं को किया गया अनुमोदित



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा:** प्रखंड विकास पदाधिकारी, जलडेगा डॉ प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में अस्पताल प्रबंधन समिति का बैठक किया गया। जिसमें जलडेगा प्रखंड के अंतर्गत स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा किया गया और कई योजनाओं को अनुमोदित भी किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जलडेगा का नया भवन बनकर तैयार हो गया है और उसे हस्तगत भी कर लिया गया है , नए भवन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनवरी से संचालित किया जाएगा उसे नए भवन हेतु आवश्यक उपस्कर एवं सामग्रियों की आवश्यकता है ताकि यह भवन सुचारू रूप से संचालित हो अतः आवश्यक उपास्करो को समिति के द्वारा अनुमोदित किया गया। बैठक में प्राथमिक स्वास्थ्य ओडगा में कई तरह की समस्या से सदस्यों को अवगत कराया गया, जिसमें सभी सदस्य पंचायत समिति की निधि से योजना लेकर समस्याओं को दूर करने का निर्णय लिया गया। कारीमाटी ,टीनगिना , कोनमेरला ,टीकरा, लंमडेगा, लंबोई,सहित कई स्वास्थ्य उप केंद्रों के मरम्मतिकरण , रंग रोगन इत्यादि का प्रस्ताव पारित किया गया ताकि पंचायत में भी स्वास्थ्य सुविधा अच्छी तरह से लोगों को मिल सके। बिझिंयापानी स्वास्थ्य उप केंद्र में नया भवन बन गया है परंतु पानी की समस्या से सदस्यों को अवगत कराया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलडेगा में तीनों एंबुलेंस के मरम्मती का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों में सीएचओ और एएनएम उपस्थित रहे दवाओ की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

बैठक के बाद सभी सदस्यों के द्वारा नए स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया गया बैठक में शंभू राम अंचल अधिकारी जलडेगा , जोसफ लुगून प्रखंड प्रमुख जलडेगा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीपीएम, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, विभिन्न पंचायत के मुखिया उपस्थित थे।

### पीसीसी निर्माण में अनियमितता बरती नहीं जाएगी : रोज प्रतिमा सोरेंग



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोलेबिरा :** कोलेबिरा भँवरपहाड़ हमारे सिमडेगा जिले के लिए एक गौरवान जगहों में से एक है। भँवरपहाड़ पर्यटक स्थल के रूप में वर्षों से बना हुआ है, यहां लोग दूर दूर से घूमने भी आते है। लेकिन यहां की सड़क की हालत खराब होने के कारण यहां के स्थाई लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके कारण सरकार के द्वारा कोलेबिरा थाना मोड़ से भँवरपहाड़ तक पीसीसी का निर्माण कार्य चल रहा है जिसमें अनियमितता बरती जा रही है। मौके पर जाकर सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग के द्वारा जांच किया गया जिसमें पाया गया कि जिस पीसीसी निर्माण में मोरेम मिट्टी का उपयोग करना था लेकिन वहां पर लाल मिट्टी गिरा कर कार्य किया जा रहा है, कोई कार्य गुणवत्तापूर्वक नहीं किया जा रहा है। सरकार के पैसे का बंदरबाट किया जा रहा है। ऐसा कार्य किए जाने पर बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जिला परिषद का यह मांग है कि कोलेबिरा प्रखंड के जे०ई०, ए०ई० से अनुरोध है कि निर्माण कार्य के बारे में जानकारी साझा करें, और जब तक गुणवत्ता में सुधार नहीं किया जाएगा तब तक के लिए कार्य स्थगित किया जाता है। जिला परिषद का यह भी कहना है कि जहां पर भी इस तरह का कार्य चल रहा है वे सभी अपने कामों के प्रति सुधार लाएं अन्यथा उन पर करवाई की जाएगी।

## अमेरिकन स्कूल कंदरी में 19वां वार्षिक दिवस भव्यता से मनाया गया

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मांडर।** शनिवार को अमेरिकन स्कूल कंदरी में 19वां वार्षिक दिवस (एनुअल डे) धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, एकल नृत्य, और नाटकों की शानदार प्रस्तुतियां दीं।




कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के डायरेक्टर नौशाद आलम और प्रिंसिपल जावेद अहमद के नेतृत्व में हुआ। दोनों ने बच्चों की मेहनत और प्रतिभा की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आयोजन की शुरूआत स्वागत गीत से हुई, जिसके बाद छात्रों ने पारंपरिक और आधुनिक नृत्य प्रस्तुत किए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान बच्चों ने सामाजिक संदेशों पर आधारित नाटकों के माध्यम से शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक एकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को रेखांकित किया।

इस अवसर पर छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ-साथ स्थानीय समुदाय के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया।

डायरेक्टर नौशाद आलम ने कहा, ₹यह वार्षिक दिवस छात्रों के आत्मविश्वास और रचनात्मकता को बढ़ावा देने का एक उत्कृष्ट मंच है।₹ प्रिंसिपल जावेद अहमद ने कार्यक्रम की सफलता के लिए छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह सभी के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

इस भव्य आयोजन ने न केवल छात्रों को अपनी कला और कौशल दिखाने का मौका दिया, बल्कि सामाजिक और नैतिक मूल्यों को भी रेखांकित किया।

## कॉन्स्टेंट लिवेन्स हॉस्पिटल मांडर में गया क्रिसमस गेदरिंग

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मांडर।** कॉन्स्टेंट लिवेन्स हॉस्पिटल मांडर में शनिवार को क्रिसमस गेदरिंग बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस आयोजन में नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें स्वागत गीत, नृत्य और प्रभु यीशु की महिमा के गीत शामिल थे। इन कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।




कार्यक्रम के दौरान हॉस्पिटल के निदेशक फादर जॉर्ज ने सभा को संबोधित करते हुए प्रभु यीशु की शिक्षाओं और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने क्रिसमस के महत्व और इसके पीछे छिपे प्रेम, करुणा, और भाईचारे के संदेश को साझा किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर शाहिद हसन ने अपने संबोधन में एकता और भाईचारे पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज में सद्भाव और सहयोग से ही विकास संभव है।

इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों में फादर सिजो, मांडर थाना प्रभारी राहुल कुमार, मांडर मुखिया प्रकाश खलखो, खटट के प्रखंड अध्यक्ष रोशन तिग्गा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार, सिस्टर फ्लोरिया मिंज, भूपेंद्र, अयूब खान, जोसेफ बा, जमाल अंसारी और कई अन्य स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

आयोजन में शामिल सभी लोगों ने सामूहिक रूप से यीशु की शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस आयोजन ने लोगों को एकता और सद्भाव का संदेश देते हुए समाज में मेल-जोल बढ़ाने की प्रेरणा दी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और संबोधनों ने क्रिसमस की खुशियां साझा करने और सभी को प्रेम, शांति और भाईचारे के महत्व को समझने का अवसर दिया।

## क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ ने ठेका मजदूरों के साथ की मीटिंग



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बोकारो :** सेल/ बोकारो इस्पात संयंत्र के कोक-ओवन एवं कोक केमिकल्स विभाग के सुदर्शन कैंटीन में संयंत्र के ठेका मजदूरों की ज्वलंत समस्याओ पर आर-पार की आक्रामक रणनीति पर विचार हेतु क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ (हिन्द मजदूर सभा) के द्वारा ठेका मजदूरो की विशाल मीटिंग हुई। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए संघ के महामन्त्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्लांट के कुछ अधिकारी ठेका मजदूरो के हकमारी को हीं अपना एकमात्र कर्तव्य समझते हैं।

15 अक्टूबर के हड़ताल नोटिस के आलोक में वार्ता के दौरान प्रबंधन ने हड़ताल वापस लेने का अनुरोध करते हुए मजदूरो से वादा किया था कि हम जल्द हीं अपने नियम मे सुधार कर यह सुनिश्चित करेंगे कि एक भी मजदूर मेडिकल चेकअप के वजह से बाहर नहीं हों। मगर इनका कानून है कि सुधरने का नाम ही नही ले रहा है। आज ठेका मजदूर सीधे-सीधे उत्पादन का काम कर रहें है मगर बदले मे मिलता है तो सिर्फ झारखंड सरकार का भवन निर्माण का मिनिमम वेज।झारखंड सरकार के नियमावली मे कारखाना का मिनिमम वेज है ही नही।फिर भी हमे मिनिमम वेज के नाम पर धोखा दिया जा रहा है।ना नाइट शिफ्ट एलाउंस, ना ग्रुच्युटी, ना अन्य किसी प्रकार का भत्ता। हम साफ-साफ प्रबंधन को बता देना चाहते है कि हमे मिनिमम नहीं मैक्सिमम वेज चाहिए।ए.डब्ल्यू.ए का रकम जो हमें दिया जा रहा है उसका ई.एस. आई.सी तो काटा जाता है मगर मजदूरो को आर्थिक लाभ से वंचित रखने के लिए इस ए.डब्ल्यू.ए की राशि को मिनिमम वेज से नहीं जोड़ा जा रहा है।

जहाँ तक बायोमेट्रिक एटेन्डेन्स का सवाल है हमारा कहना साफ है कि जो सुविधा और नियम अधिकारियो के साथ लागू है वही सुविधाएँ ठेका मजदूरो को भी मिलना चाहिए तभी हमे बायोमेट्रिक एटेन्डेन्स मंजूर होगा।

जो कुशल कामगार साथी ई.एस.आई.सी की सीमा से बाहर हो चुके हैं उनके और उनके आश्रितो के ईलाज के लिए कम से कम पाँच लाख रुपए का हेल्थ इंश्योरेंस करो या ईलाज का उत्तम व्यवस्था करो।

अन्त में श्री सिंह ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारी मांगो पर गंभीरता से विचार करते हुए निराकरण के लिए सकारात्मक और ठोस पहल करें नहीं तो मजदूर आन्दोलन से हक लेना बखूबी जानते हैं। मीटिंग को श्री सिंह के अलावे शशिभूषण सिंह , चन्द्र प्रकाश,जुम्मन खान, अभय शर्मा, अमित यादव, आनंद कुमार, हरेराम सिंह, टुनटुन सिंह आदि ने संबोधित किया।

### यातायात विभाग कार्यालय समीप चलता है जुए का अड्डा, होता है जमावड़ा

**बोकारो :** बोकारो नगरी जो इस्पात नगरी से जाना और पहचाना जाता है और इस जिला का हृदय स्थल चौक नया मोंड भगवान बिरसा मुंडा मुख्य है जहां सभी राजनीतिक पाटीर्या का कार्यक्रम स्थल भी है और जिला का बस स्टैंड भी है और वही पर यातायात विभाग का प्रमुख कार्यालय भी है जो प्रतिदिन वाहनों की जांच पड़ताल होती रहती है बस स्टैंड के कारण सैकड़ो लोगो का आना और जाना लगा रहता है वही विभिन्न जगहों पर आने-जाने के लिए भी टेम्पो एवं अन्य गाडिया भी मिलती है फेमस चाय की दुकान भी है जिसके कारण लोगो का आना जाना का तांता लगा रहता है चौक के समीप या कहा जाये तो यातायात विभाग कार्यालय के महज दो कदम की दूरी पर ही बेधड़क जुए का अड्डा चलता रहता है जिस कारण सड़क के किनारे ही मोटरसाईकिलो की लाइन लगी रहती है और जुआ खेलने वालो का तांता लगा रहता है वही नही तीन चार किलोमीटर के अंतराल में ही सिटी थाना भी है लेकिन फिर भी बेधड़क जुए का अड्डा चला रहता है जुए का संचालन करने वाले दो पार्टनर की सराहनीय भूमिका होती है कि यहां जुआ खेलने वाले लोगों की सुरक्षा के साथ-साथ दारू गांजा सहित हरेक मादक पदार्थ की सुविधा भी उपलब्ध रहती है यहां आइए और अपनी किस्मत आजमाइए यहां दो तरह के जुए का संचालन किया जाता है एक ताश के गड्डी से और दूसरा नंबर के आकलन से दोनों में पैसे डबल हो जाते हैं जिसके कारण यहां प्रतिदिन लाखों का जुआ का खेल होता है जुए संचालकों की माना जाए तो उनका साफ कहना है की सबको मैनेज करके चलते है। जानकारी हो की डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य में लगातार बढ रहे अपराधिक घटनाओं और अपराधियों पर अंकुश लगाने ,अवैध धंधो पर लगाम लगाने को लेकर साफ निर्देश दिया है या फिर थाना प्रभारी के विरूद्ध कारवाई करने की बात कही है।

### डीपीएस बोकारो के क्रीड़ा उत्सव समागम में विद्यार्थियों ने दिखाए दमखम, झेलम हाउस बना ओवरऑल चैंपियन

# शारीरिक व मानसिक समन्वयन व समग्र विकास के लिए खेलकूद जरूरी : आईजी

**बोकारो :** खेल हमें असफलता से सफलता पाने की सीख देता है, चुनौतियों से लड़ने की प्रेरणा देता है और जीत का जज्बा सिखाता है। शारीरिक और मानसिक समन्वयन तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए खेलकूद अत्यंत ही आवश्यक है। यह हमें टीम-भावना, अनुशासन तथा सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है। जीवन में सफलता के लिए कठिन परिश्रम, सकारात्मक दृष्टिकोण, निरंतरता और लगन अत्यंत आवश्यक है। ये बातें उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) डॉ. माइकल राज एस. (भापुसे) ने कहीं। शनिवार को डीपीएस बोकारो में आयोजित 35वें वार्षिक क्रीड़ा उत्सव समागम को वह बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छह सदनों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उमंग के साथ भाग लिया और विभिन्न स्पधाओं में जमकर अपनी प्रतिभा व अपने दमखम का परिचय दिया। एक मैदान में सैकड़ों प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का समागम एवं कलात्मक शैली में क्रीड़ात्मक स्पधाओं में उनकी भागीदारी विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए मुख्य अतिथि ने खेल-भावना से प्रतिभागिता का संदेश दिया। समारोह के सम्मानित अतिथियों में डॉ. राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो के उपाध्यक्ष एवं जीजीपीएस बोकारो के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती, महासचिव एवं एआरएस पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विश्वजीत पात्रा, जिला प्रशिक्षण समन्वयक एवं चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा,



जीजीपीएस चास के प्राचार्य अभिषेक कुमार, आदर्श विद्या मंदिर, चास के प्राचार्य रंजीत कुमार एवं रेनबो पब्लिक स्कूल के प्राचार्य विपुल सिंह उपस्थित रहे।

विद्यालय के प्राचार्य एवं डॉ. राधाकृष्णन सहोदय स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो के अध्यक्ष डॉ. ए. एस. गंगवार ने सभी अभ्यागतों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, मयार्दा, टीम भावना, आपसी तालमेल तथा चुनौतियों से लड़ना सिखाता है। खेल में हार-जीत से ज्यादा प्रतिभागिता महत्वपूर्ण है। उन्होंने खेल में बढ़ती भारत की वैश्विक ताकत को रेखांकित करते हुए बच्चों के क्रीड़ात्मक विकास की दिशा में डीपीएस बोकारो के प्रयासों की चर्चा की।

इसके पूर्व, आरंभ में बच्चों ने पौधा भेंटकर और स्वागत गान के साथ अतिथियों का स्वागत किया। 'इको ऑफ एक्सीलेंस' यानी उत्कृष्टता की गूंज विषयवस्तु पर आधारित इस समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि ने विद्यालय का ध्वज फहराकर, मशाल प्रज्वलित कर तथा गुब्बारे उड़ाकर किया। आईजी डॉ. माइकल द्वारा परेड निरीक्षण के उपरांत गंगा, चेनाब, झेलम, रावी, जमुना एवं सतलज के विद्यार्थियों ने आकर्षक मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया।